संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 21 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन परिसर में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 350 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## ● आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में विपक्षी सांसदों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा

**विरोध**

⏩ संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। संसद परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से राज्यसभा में डॉ. बीआर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में विपक्षी गठबंधन के सांसदों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। जिसके चलते संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि संसद परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रहे।



**'राहुल गांधी छात्र नेता की तरह व्यवहार करते हैं'**

जदयू सांसद और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी के शासनकाल के दौरान बाबा साहब भीम राव अंबेडकर को अपमानित किया गया और अब राहुल गांधी खुद की तुलना भीम राव अंबेडकर से कर रहे हैं। यह बचपना नहीं तो और क्या है? कल की जो घटना है, उनकी (राहुल गांधी) अगर नीयत सही होती तो ये घटना नहीं होती। यह सब अपरिपक्वता के गुण हैं। वे(राहुल गांधी) छात्र नेता की तरह व्यवहार करते हैं और सपना प्रधानमंत्री बनने का देखते हैं। लोकतंत्र इस तरह नहीं चलता है।'

**'दुर्भाग्य है कांग्रेस की मानसिकता पर'**

भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा, 'बड़ा दुर्भाग्य है कांग्रेस की मानसिकता पर, कांग्रेस की सोच पर और कांग्रेस के पागलपन पर कि अब वे बाबा साहब की तुलना राहुल गांधी से कर रहे हैं। और कल तो उन्होंने (राहुल गांधी) आदिवासी महिला को अपमानित करके खुद को आदिवासी और महिला विरोधी भी साबित कर दिया है।' सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर कहा, 'यह संसद परिसर का मामला है। अगर कोई बात थी तो पहले लोकसभा अध्यक्ष के संज्ञान में जानी चाहिए थी। अध्यक्ष स्तर से इसका समाधान होना चाहिए था। यह संसद और परिषद में हमारे अध्यक्ष की सर्वोच्चता को चुनौती है।'

## उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की फिर नोटिस देंगे: जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:**

**कांग्रेस नेता** जयराम रमेश ने बताया कि विपक्ष राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने लाने के लिए फिर से नोटिस दे सकता है। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने गुरुवार को



धनखड़ को हटाने की मांग को लेकर विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग नोटिस को खारिज कर दिया। उन्होंने इसे उपराष्ट्रपति की छवि को धूमिल करने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक ट्रेलर था। मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, "सभापति के खिलाफ हमारे द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।

आप कितनी बार अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं, इसकी संविधान में कोई सीमा नहीं रखी गई है।\



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला रेड क्रॉस रोड के बाहर मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन करते हुए, साथ में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल।

## हमारी महिला सांसदों को धक्का दिया गया: कांग्रेस

**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने गुरुवार को संसद भवन में हुए हंगामे को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की महिला सांसदों को संसद में प्रवेश करने से रोका गया और उनके साथ धक्का-मुक्की की गई।

तिवारी ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा को लोकतंत्र और संविधान पर भरोसा नहीं है।




# भाजपा सांसद ने प्रियंका गांधी को 1984 लिखा बैग दिया

**निशाना साधा**

⏩ सिख दंगों की याद दिलाई; प्रियंका फिलिस्तीन, बांग्लादेश लिखा बैग संसद ला चुकीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा ने शुक्रवार को संसद में सांसद प्रियंका गांधी को '1984' लिखा बैग गिफ्ट किया। बैग पर 1984 को खून से रंगा दिखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि इसके जरिए 1984 के सिख दंगों की याद दिलाई गई। दरअसल, पिछले दिनों संसद में प्रियंका की बैग पॉलिटिक्स चर्चा रही। वे कभी मोदी-अडाणी भाई-भाई, बांग्लादेश के



अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) के समर्थन से जुड़े बैग लिए नजर आईं तो कहीं फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर भी पहुंचीं। प्रियंका को ओडिशा की सांसद अपराजिता ने बैग सौंपा ओडिशा के भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी ने प्रियंका को 1984 लिखा बैग दिया। अपराजिता संसद परिसर प्रियंका का इंतजार करती दिखीं। जैसे ही आने की जानकारी मिली, वे पीछा करते हुए प्रियंका के पास पहुंचीं और बैग सौंप दिया। प्रियंका ने बैग लेकर रख लिया और आगे बढ़ गईं। जब अपराजिता ने प्रियंका को बैग दिया तो उन्होंने बिना देखे ही बैग अपने हाथ में रख लिया और आगे बढ़ गईं।

**10 दिसंबर: बैग पर मोदी-अडाणी की फोटो**

प्रियंका संसद में गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुईं। उनके बैग पर पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने थे।प्रियंका संसद में गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुईं। उनके बैग पर पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने थे।

**16 दिसंबर:** बैग पर फिलिस्तीन के प्रतीक चिह्न प्रियंका गांधी के बैग पर लिखा था, 'फिलिस्तीन आजाद होगा।' हैंड बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना था। 16 दिसंबर- प्रियंका के इस बैग पर फिलिस्तीन के प्रतीक चिह्न कैफियेह, तरबूज, जैतून की शाखा, फिलिस्तीनी कढ़ाई, शांति का प्रतीक कबूतर बना हुआ था।



ACTION INDIA
नई दिल्ली, 21 दिसंबर 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# नौकरी के लिए विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद :** गाजियाबाद के साहिबाबाद में कौशांबी पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तुगलकाबाद बदरपुर निवासी मनीष कुमार गोंड और वैशाली सेक्टर एक निवासी शाहरुख खान शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 22 पासपोर्ट, चार मोबाइल, एक लैपटॉप भी बरामद किया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रामप्रस्थ ग्रीन निवासी किशन कुमार ने विदेश में नौकरी का झांसा देकर 2.95 लाख रुपये ठगी होने की शिकायत मंगलवार रात की थी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **गगन प्रीत सिंह विज, पुत्रः श्री हरविंदर सिंह, निवासीः बंगला नंबर 41, ओरछा रोड, झाँसी कैंट,** उ.प्र. और वर्तमान पताः **मकान नं. 108, कल्याण विहार, मॉडल टाउन, नई दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 73/2020 U/S 188 IPC & 3 महामारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना तुगलक रोड, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **गगन प्रीत सिंह विज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **गगन प्रीत सिंह विज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **गगन प्रीत सिंह विज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,
कमरा नं.18, पहली मंजिल, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/16650/NDD/2024**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **प्रशांत पुत्रः** नेमचंद करण, **पताः** सी–107, मिन्टों रोड कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली ने **FIR No. 580/2018, U/s 323/341/34 IPS** थानाः एस.जे. एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रशांत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रशांत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 580/2018, U/s 323/341/34 IPS** थानाः एस.जे. एन्कलेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रशांत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निधि सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03 (दक्षिण)
साकेत कोर्ट, दिल्ली

**DP/16465/SW/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **यश @ कुणाल, पुत्र बाल मुकुंद, पताः 7719, गली नंबर 8, मुल्तानी ढांडा, पहाड़ गंज, दिल्ली** ने **FIR No. 00315/2023, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **यश @ कुणाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **यश @ कुणाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 00315/2023, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **यश @ कुणाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीती
महानगर मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी 03
मध्य जिला, कमरा नंबर 150–ए
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली


**DP/16344/CD/2024**

# युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**बुलंदशहर :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करैना के जंगल में एक युवक का शव शुक्रवार सुबह पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की शिनाख्त गांव रामपुर निवासी 18 वर्षीय सुनील के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाए जाने की आशंका व्यक्त की है। उसकी बाइक भी घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी हुई मिली। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी 18 वर्षीय मोनू कुमार नगर स्थित एक कार मिस्त्री की दुकान पर काम सीख रहा था। बृहस्पतिवार को वह घर से दुकान पर जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन, देर शाम तक वापस नहीं लौटा था। परिजनों ने उसके नंबर पर कई बार कॉल भी की। लेकिन, उसका फोन रिसीव नहीं हो रहा था। जिसके बाद परिजनों को चिंता सताने लगी और उन्होंने रातभर उसकी खोजबीन की। लेकिन, सुबह तक भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका था।

हत्या या आत्महत्या?



# पांच वक्त की नमाज की भेजती थी सेल्फी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के कविनगर क्षेत्र की युवती के आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस को उसकी डायरी से कुछ और अहम जानकारी मिली है। एक पेज पर लिखा है, मैंने नमाज पढ़ने से मना किया तो फराज अतर ने मुझे बुरी तरह से पीटा। युवती के मोबाइल से पता चला है कि फराज ने उसे कई ऐसे व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़वा दिया था, जिसमें इस्लामिक रीति-रिवाज सिखाए जाते थे। इतना ही नहीं, वह उसे मोबाइल पर ही मौलानाओं की तकरीर सुनने के लिए भी मजबूर करता था। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बेटी को घर के अंदर नमाज पढ़ते हुए देखा था।

## उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | दोहरी लाइन सेक्शन पर एच०एम०क्यू०, डी०एच०वाई० में दूसरी लूप लाइन के प्रावधान के साथ ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और लगाना, लूप लाइन नंबर का विस्तार। यू०सी०ए० में 5 और सीधे स्वागत/प्रेषण सुविधाओं का प्रावधान टोहाना, बरेटा और मौर में रिलीफ साइडिंग (माल हैंडलिंग साइडिंग) पर हेतु कार्य (निविदा संख्या 111-24-25-W-IV) | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,43,72,680.77 | धरोहर राशि | ₹2,21,900.00 |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय कार्य 30.12.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 13.01.2025 को 15:00 बजे | | |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

पत्र सं.: 128–डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 111-डब्ल्यू–4–24–25
दिनांकः 20.12.2024 3907/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रात को सोसायटी में दौड़ाई कार

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इकोविलेज एक सोसायटी में देर रात शराब के नशे में युवकों ने परिसर के अंदर तेज ड्राइविंग की। टावर अ4 के पास पार्किंग में खड़ी 3 गाड़ियों में टक्कर मार दी। जिससे 2 गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रसत हो गई। जिसे लेकर सोसायटी लोगों ने हंगामा किया।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा जारी खुली निविदा सं.-OT-18-2024 दिनांक 29-11-2024 के NIT में, शुद्धि पत्र-1 दिनांक 20-12-2024 द्वारा संशोधन किया गया है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:–
**क्रम सं.-01, पूर्व प्रकाशितः** निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय 20-12-2024 को 15:00 बजे। **यथा संशोधितः** निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय 27-12-2024 को 15:00 बजे।
**नोटः**-उपरोक्त के अलावा, निविदा दस्तावेज और निविदा सूचना की शेष सामग्री और शर्ते यथावत रहेंगी।
उपरोक्त शुद्धि पत्र की विस्तृत सूचना रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-200 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## उत्तर रेलवे

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय**
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–110 001, Mail ID: salenr365@gmail.com
**नीलामी सूचना सं. फरवरी–2025**

संख्याः 177–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024–25 दिनांक : 18.12.2024

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/ रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को ब्रिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे।

**फरवरी–2025 की ई–नीलामी**

| क्र. सं. | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 15 | 19 | 22 | 24 | 28 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 15 | 19 | 22 | 24 | 28 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 15 | 18 | 22 | 24 | 28 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 7 | 11 | 14 | 18 | 21 | 25 | 28 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 7 | 11 | 14 | 18 | 21 | 25 | 28 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 6 | 10 | 13 | 17 | 21 | 25 | 28 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 7 | 11 | 14 | 18 | 21 | 25 | 28 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 6 | 10 | 13 | 17 | 21 | 25 | 28 |

**नोट** : नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण **www.ireps.gov.in** पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। **1.** इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। **2.** पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण **www.nr.railnet.gov.in** पर उपलब्ध है। **3.** ई–नीलामी में भाग लेने के लिए क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें।

(नरेंद्र सिंह)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

**3894/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पुलिस उपायुक्त कार्यालय, नई दिल्ली जिला

**टेली. नं. : 011-23740517 (Extn.–33081/82)**
**ईमेल आईडीः so.delta1.ndd@gmail.com**

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों और वस्तुओं को धारा 66 डी.पी. अधिनियम, 1978 के तहत नई दिल्ली जिले, नई दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा जब्त कर लिया गया है।

अब, दिल्ली पुलिस अधिनियम–1978 की धारा 67 (i) के तहत परिकल्पित पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए। नीचे उल्लिखित सूची में उल्लिखित वाहनों और वस्तुओं को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति जिसका इस पर दावा हो, वह इस उद्घोषणा के जारी होने के छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करने के लिए स्वामित्व के प्रमाण के साथ नई दिल्ली जिले, नई दिल्ली के संबंधित एसीपी/सब डिवीजन के समक्ष उपस्थित हो सकता है।

**धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत जब्त किए गए लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं. | डीडी नं. और तिथि | पंजीकरण संख्या | प्रकार |
|---|---|---|---|
| | | पुलिस थानाः बाराखम्बा रोड | |
| 1. | 41a, 25.06.23 | Yamaha | DL3SCV 0286 |
| 2. | 62a, 28.06.23 | Honda activa | DL3SDB 0608 |
| 3. | 21a, 30.08.23 | Bajaj pulsar | DL6SAB 8889 |
| 4. | 35a, 07.09.23 | Pulsar | HR19G 5326 |
| 5. | 90a, 10.10.23 | Hero | DL1SX 5445 |
| 6. | 38a, 22.10.23 | Yamaha | DL1SAB 3340 |
| 7. | 97a, 25.11.23 | Hero | DL7SBN 6200 |
| 8. | 34a, 23.12.23 | Hero | DL9SBB 5110 |
| 9. | 42a, 24.12.23 | Honda | DL13SH 1038 |
| 10. | 60a, 02.01.24 | E-Rickshaw | DL-6ER 0591 |
| 11. | 54a, 23.08.24 | Scooty | UP-14EM 3086 |
| | | पुलिस थानाः तिलक मार्ग | |
| 12. | 7, 30/3/24 | Splender | DL3SEA 9011 |
| 13. | 62, 27/4/24 | Discover | DL8SAR 8378 |
| 14. | 105, 10/5/24 | Splender | DL7SBN 9110 |
| 15. | 70, 30/5/24 | Activa | DL6SAZ 9235 |
| 16. | 60, 14/6/24 | Splender | DL3SCW 2625 |
| 17. | 3, 2/7/24 | Jupiter | DL7SAL 2822 |
| 18. | 58, 5/7/24 | Hero | DL4SCD 5793 |
| 19. | 74, 8/7/84 | Jupiter | DL3SCX 6454 |
| 20. | 68, 15/7/24 | Jupiter | DL3SFP 5768 |
| 21. | 62, 24/7/24 | Mahindra | RJ29EA 0561 |
| 22. | 40, 25/7/24 | Jupiter | HR26EG 7885 |
| 23. | 2, 26/8/24 | Honda | DL6SAP 9780 |
| 24. | 112, 19/9/24 | Jupiter | DL4SCT 9093 |
| 25. | 46, 27/9/24 | HF Delux | DL6SAZ 1607 |
| 26. | 38, 28/9/24 | Splender | DL3SCY 6971 |
| 27. | 95, 3/10/24 | Splender | DL3SDS 4242 |
| 28. | 59, 25/10/24 | Splender | UP80G0 9273 |
| 29. | 13, 30/1023 | Passion Pro | HR51AK 2810 |
| 30. | 7, 12/11/23 | Discover | HR51AX 6275 |
| 31. | 43, 23/11/23 | Splender | DL3SDU 1733 |
| | | पुलिस थानाः पार्लियामेंट स्ट्रीट | |
| 32. | 03a, 01/7/23 | Honda Aviator | DL-4SNC 3893 |
| | | पुलिस थानाः नॉर्थ एवेन्यू | |
| 33. | 1a, 28/9/20 | Hero Maestro | DL12SC 8439 (Without No. Plate) |
| 34. | 03a, 30/8/23 | Bajaj Discover | UP21AP 6438 |
| 35. | 5a, 19/10/23 | Honda Activa | DL7SBM 8188 |
| 36. | 7a, 05/11/23 | Hero Splendor | DL11SX 4995 |
| | | पुलिस थानाः तुगलक रोड | |
| 37. | 27, 07.04.21 | Scooty | DL7SBF 0893 |
| 38. | 36, 06.03.21 | M/c Yamaha FZ | DL5SX 7781 |
| 39. | 20, 19.06.2021 | M/c passion | DL1SU 9550 |
| 40. | 66, 26.06.2021 | Scooty Swish | DL9SAJ 7766 |
| 41. | 19, 10.07.2021 | M/c | DL8SCT 9952 |
| 42. | 3, 21.07.21 | M/c | DL5SU 9127 |
| 43. | 40, 07.08.21 | M/c FZ | DL3SBP 9176 |
| 44. | 37, 24.10.21 | M/c CT 100 | DL7SAS 7306 |
| 45. | 57, 29.11.2021 | M/cy Pulsar | DL3SBG 8424 |
| 46. | 54, 11.01.21 | M/c-Splender | RJ137M 5993 |
| | | पुलिस थानाः कर्तव्य पथ | |
| 47. | 09a, 26.02.2024 | M/cycle | UP37 0299 |
| 48. | 07a, 25.03.2024 | Scooty | DL12SL 9048 |
| 49. | 09a, 09.04.24 | M/cycle | UP14DC 8332 |
| | | पुलिस थानाः साउथ एवेन्यू | |
| 50. | 82a, 14.08.23 | Mahindra Scooty | AS01AY 8709 |
| | | पुलिस थानाः चाणक्य पुरी | |
| 51. | 96, 20.07.23 | M/c | DL9SAA 0542 |
| 52. | 57, 16.09.23 | M/c | DL4SCX 1046 |
| 53. | 66, 18.09.23 | Scooty | DL3SCK 9107 |
| | | पुलिस थानाः मंदिर मार्ग | |
| 54. | 15a, 02.01.23 | Scooty Eterno | DL 6SAD 2262 |
| 55. | 66a, 13-02-23 | M/cycle Yamaha | DL8SBE 2850 |
| 56. | 90a, 13-02-23 | M/cycle KTM | DL5SBF 0149 |
| 57. | 39a, 18-02-23 | Scooty Activa | DL4SCC 5467 |
| 58. | 56a, 13-03-23 | M/c Platina | DL8SAQ 5373 |
| 59. | 51a, 17-04-23 | M/c CD Deluxe | DL13SA 6366 |
| 60. | 51a, 22-04-23 | M/c H-Honda | UP32CQ 9115 |
| 61. | 37a, 24-04-23 | M/C Passion | DL6SAQ 3396 |
| 62. | 10a, 28-04-23 | Scooty Honda | HR26CG 4545 |
| 63. | 06a, 08-05-23 | Scooty Zyngo | ZY-01NG 0202 |
| 64. | 04a, 12-05-23 | M/cycle Splender | UP14FC 9284 |
| 65. | 41a, 16-05-23 | Scooty Activa | DL2SR 1868 |
| 66. | 64a, 16-05-23 | Scooty Access | DL4SCY-6153 |
| 67. | 99a, 19-05-23 | Scooty Activa | DL7SBM-8875 |
| 68. | 04a, 25-05-23 | Scooty Activa | DL6SAP-4576 |
| 69. | 59a, 05-06-23 | Scooty Activa | DL4SCJ-0368 |
| 70. | 58a, 16-06-23 | M/c CD Deluxe | UP83AB-8942 |
| 71. | 11a, 18-06-23 | M/c Discover | DL5SAA-2033 |
| 72. | 65a, 18-06-23 | M/c Pulsar | DL7SBS-3349 |
| 73. | 73, 18-06-23 | M/c Splender | DL4SCM-2731 |
| 74. | 72a, 22-06-23 | Scooty/Maestro | DL3SCW-7991 |
| 75. | 113a, 04-07-23 | M/c Apache | DL3SBC-9220 |
| 76. | 57a, 06-04-23 | M/c Pulsar | DL6SAC-4827 |
| 77. | 116a, 07-07-23 | Scooty Activa | DL6SAV-1183 |
| 78. | 50a, 10-07-23 | Scooty Activa | DL4SBY-4943 |
| 79. | 47a, 12-07-23 | Scooty Jupiter | DL12SE-4812 |
| 80. | 57a, 16-07-23 | Scooty Activa | DL5SAC-5592 |
| 81. | 62a, 16-07-23 | Scooty Activa | DL3SCT-8711 |
| 82. | 48a, 18-07-23 | M/c Splender | DL5SBL-8497 |
| 83. | 01a, 22-07-23 | Scooty Maestro | DL3SCR-5017 |
| 84. | 103a, 22-07-23 | M/c Splender | HR26CD-6961 |
| 85. | 101a, 24-07-23 | Scooty Pleasure | DL12SH-6069 |
| 86. | 82a, 21-08-23 | M/c Hero | DL13SC-8606 |
| 87. | 33a, 03-09-23 | Scooty Honda | DL7SAD-9128 |
| 88. | 08a, 04-09-23 | M/c Bajaj | DL7SBL-4863 |
| 89. | 05a, 07-09-23 | Scooty TVS | DL4SBL-9585 |
| 90. | 78a, 04-10-23 | M/c Passion | DL1SAA-2787 |
| 91. | 93a, 09-10-23 | M/c Passion | DL3SCF-4889 |
| 92. | 53a, 12-10-23 | Scooty Activa | DL10SG-5487 |
| 93. | 93a, 12-10-23 | Scooty Activa | DL6SAV-5154 |

| 'S. No. | DD No. & Dated | Make of Vehicle | Registration No. |
|---|---|---|---|
| 94. | 41a, 13-10-23 | Scooty TVS | DL3SDX-3767 |
| 95. | 64a, 14-10-23 | M/c Splender | HR87J-3461 |
| 96. | 03a, 18-10-23 | Scooty Activa | DL9SAP-8548 |
| 97. | 03a, 20-10-23 | M/c Bajaj | PB91E- 0858 |
| 98. | 01a, 28-10-23 | M/c Suzuki | UP14DA-9953 |
| 99. | 45a, 04-11-23 | M/c Hero | DL1SX- 6572 |
| 100. | 48a, 27-11-23 | M/c Platina | UP16R- 2807 |
| 101. | 01a, 10-12-23 | Scooty Activa | DL6SAW-8067 |
| 102. | 38a, 16-12-23 | Scooty Honda | DL8SCA-4359 |
| 103. | 51a, 03/01/24 | Scooty Suzuki | HR05AW-6388 |
| 104. | 39a, 15/01/24 | Scooty Fascino | DL4SCM-9641 |
| 105. | 73a, 19/01/24 | M/c Splender | DL11SG-9635 |
| 106. | 58a, 26/02/24 | M/c Bajaj | DL9SAE-4988 |
| 107. | 63a, 28/20/2024 | Scooty Activa | DL4SCF-4470 |
| 108. | 75a, 14/03/24 | M/c Hero | DL14SB-6417 |
| 109. | 68a, 16/03/24 | Scooty Maestro | UP21BU-3066 |
| 110. | 54a, 31/03/24 | Scooty Activa | DL6SAT-9770 |
| 111. | 41a, 29/04/24 | Scooty Activa | DL6SAV-5563 |
| 112. | 43a, 11/05/24 | Scooty Hero | DL3SCG-4290 |
| 113. | 33a, 25/05/24 | Platina | HR29AX-2001 |
| 114. | 53a, 07/06/24 | Scooty TVS | DL8SBV-2848 |
| 115. | 34a, 11/06/24 | M/c Yamaha | DL11SD-6459 |
| 116. | 01, 08/07/24 | M/c Hero | DL13SG-2053 |
| 117. | 28a, 20/07/24 | Scooty Activa | DL6SAV-8008 |
| 118. | 59a, 03/08/24 | M/c Platina | HR36AK-7811 |
| 119. | 36a, 06/08/24 | Scooty Activa | UP15DE-7747 |
| 120. | 35a, 14/08/24 | M/c Hero | DL1ST-6798 |
| 121. | 66a, 14/08/24 | Scooty TVS | DL9SBQ-7225 |
| 122. | 87a, 23/08/24 | Scooty Maestro | DL6SAQ-7426 |
| 123. | 79a, 24/08/24 | M/c HF Deluxe | UP43U-2149 |
| 124. | 07a, 28/08/24 | M/c Splender | DL11PD-3069 |
| 125. | 46a, 10/09/24 | Scooty Jupiter | DL12SB-9863 |
| 126. | 47a, 10/09/24 | M/c TVS | UP14EP-7076 |
| 127. | 37a, 19/09/24 | M/c Honda Shine | DL9SAP-2178 |
| 128. | 12a, 11/10/24 | Scooty Yamaha | DL4SCT-0196 |
| 129. | 18a, 17/10/24 | M/c Splendar | DL3SFA-0275 |
| 130. | 46a, 18/10/24 | Scooty activa | DL11SH-4011 |
| 131. | 38a, 02.08.24 | Scooty activa | DL3SCZ 7074 |
| | | पुलिस थानाः कनॉट प्लेस | |
| 132. | 69a, 22/04/24 | Pulsar | DL6SBL 5993 |
| 133. | 76a, 15/05/24 | Access 125 | DL10 SU2326 |
| 134. | 01a, 30/08/24 | Activa | HR26 BV 1810 |
| 135. | 75a, 21/09/24 | Splendar | DL3SCY 2465 |

**धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत जब्त किए गए लावारिस वस्तुएं**

| क्र. सं. | एमयूडी नं. | डीडी नं./तिथि | वस्तुएं |
|---|---|---|---|
| | | पुलिस थानाः बाराखम्बा रोड | |
| 1 | 891/22 | DD No. 57A, 30/12/22 | One Mobile (i Phone X) black colour in damaged condition |
| | | पुलिस थानाः पार्लियामेंट स्ट्रीट | |
| 2 | 885/12 | DD No-10A, 04/04/12 | One white cloth parcel sealed in which containing 1 Lakh Rupees only (Rs. 100000/-) Rs. 1000 x100 notes= Rs.100000/- |
| 3 | 962/12 | DD No-55B, 06/08/12 | Rs. 2500/- only Rs.1000 X 2 notes = Rs. 2000/- Rs.500 X 1 note= Rs.500/- and 2 packets of playing cards |
| 4 | 1117/13 | DD No-18A, 26/07/13 | One plastic box sealed containing golden colour chain with Pendent of Lord Venkatesh. |
| 5 | 994/14 | DD No-15A, 20/03/14 | One plastic box sealed containing golden colour ring with red Nug |
| 6 | 1118/14 | DD No-24A, 16/10/14 | One cloth parcel sealed of RKT containing Rs-5000/- (Five thousand rupees) ₹ 1000 x 2 notes = 2000/- ₹ 500 x 6 notes =3000/- |
| 7 | 943/18 | DD No-09A, 28/11/18 | One match box sealed containing golden colour ring |
| 8 | 809/24 | DD No-50A, 16/03/24 | One Mobile phone make Techno Spark, sky blue colour, damaged condition. |
| 9 | 824/24 | DD No-24A, 29/03/24 | One Mobile make POCO Model No. 22041219P-2, IMEI No.869198055741633 IMEI No.869198055741641,sky blue colour, Black cover |
| | | पुलिस थानाः कर्तव्य पथ | |
| 10 | 95/24 | DD No-39a, 05/02/24 | Chain look like golden colour |
| | | पुलिस थानाः साउथ एवेन्यू | |
| 11 | 114/23 | DD No-34A, 06.02.23 | Samsung A Series Mobile metallic grey in colour. 1. IMEI No. 355658101523930/01 2. IMEI No. 355659101523938/1 |
| 12 | 117/23 | DD No-63A, 25.02.23 | Golden Type Bangle |
| 13 | 20/24 | DD No-38A, 01.09.24 | 10 Cartridges of 12 Gauge |
| | | पुलिस थानाः कनॉट प्लेस | |
| 14 | 1156/23 | DD No-02A, 15/07/23 | Passport (No. PAQ269389) of Gabrial Alarcia Fernandez, Union European Espana, Maroon dark red colour cover |
| 15 | 1064/24 | DD No-60A, 07/01/24 | Purse + Euro coin(Euro note 20,10,5 and 07 Euro Coin of 20,20,20,50,2,1 &1) and 01 metal type CAN CAP, 01 Black Rubberband, 04 metallic Jewellery Silver Colour, 01 black plastic article and Turkish Airline Boarding Pass bearing name Mihhejeva Inga with No. 235220389146/1) |
| 16 | 1229/24 | DD No-78A, 13/05/24 | Laptop(HP Laptop 14 Q-CS0017TU Grey colour) Broken near ON/OFF button |
| 17 | 1337/24 | DD No-82A , 16/08/24 | Seal pulanda (Brown Colour Jute purse – "Air Glass 24 caret" written on it and 112 Golden colour Rectangular bars having size 1.6*1 cm) |
| 18 | 1420/24 | DD No-05A, 05/10/24 | Mobile(Realme C-55) golden Colour |

पुलिस उपायुक्त कार्यालय,
नई दिल्ली जिला, नई दिल्ली

**DP/9734/ND/2024**

# क्लासीफाइड

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।





# नड्डा पर आप का हमला: बीजेपी को जवाब देंगे पूर्वांचली

## यूपी-बिहार के लोग दिल्ली दो वजह से आते हैं, एक कमाने के लिए दूसरा छात्र वर्ग पढ़ने दिल्ली आते हैं: आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल

**आरोप**

**संसद में हमारे पूर्वांचली भाइयों की रोहिंग्या, बांग्लादेशियों और घुसपैठियों से तुलना की**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने संसद में हमारे पूर्वांचली भाइयों की रोहिंग्या, बांग्लादेशियों और घुसपैठियों से तुलना की। इसका जवाब दिल्ली का पूरा पूर्वांचली समाज अब बीजेपी को देगा। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि भाजपा ने पूर्वांचल के लोगों के नाम चुनाव आयोग को दिए हैं, ताकि चुनाव सूची से उनका काटा जा सके। ये लोग 30-40 साल से दिल्ली में रहकर दिल्ली का विकास किया। अब इनसे उनका जीने का अधिकारी छीना जा रहा है। इनसे सारी सरकारी सुविधाएं छीने जाने की साजिश रची जा रही है। ये इसलिए इनके नाम वोटर लिस्ट से कटवाने के लिए दिए हैं क्योंकि ये आम आदमी पार्टी के वोटर हैं। ये लोग अपनी गंदी राजनीति के तहत इनके नाम कटवा रही है। ये लोग इनको उजाड़ने का काम कर रही है, जबकि हमारी पार्टी ने इन्हें सम्मान देने और बसाने का काम किया है। यूपी-बिहार के लोग दिल्ली दो वजह से आते हैं। एक कमाने के लिए दूसरा छात्र वर्ग पढ़ने दिल्ली आते हैं। ये जब यहां आते हैं तो इनके पास इतने पैसे नहीं होते कि महंगी जगहों पर रह सकें। इसलिए ये कच्ची कॉलोनियों में रहते हैं। जब सरकार में आया तो मैंने अफसरों को बुलाया और कहा कि मुझे इन कच्ची कॉलोनियों में सड़के बनानी हैं। तो अफसरों ने कहा कि ये नहीं हो सकता क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। लेकिन मैंने सारी अड़चने दूर कर-के इन कॉलोनियों का विकास किया।

### नोएडा और दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग

**नई दिल्ली:** दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ने की धमकी मिली है। शुक्रवार तड़के 5.02 बजे द्वारका सेक्टर तीन स्थित डीपीएस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ साथ बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। चप्पे-चप्पे की तलाशी के दौरान वहां से कोई विस्फोटक नहीं मिला। उधर, नोएडा के सेक्टर-126 स्थित लोटस वैली स्कूल को एक धमकी भरा ईमेल मिला है। इसमें स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बाद में सूचना को फर्जी करार दिया गया। इससे पहले भी समय-समय पर अलग-अलग स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। लेकिन जांच पड़ताल में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलता। दमकल अधिकारी ने बताया कि इसी बीच 8.07 बजे राफ्ता मोड़ जाफरपुर कलां स्थित न्यू कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की जानकारी मिली। पुलिस की टीम ने वहां जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस यहां जांच कर ही रही थी कि 8.39 बजे पुलिस को बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित विशाल भारती पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने की जानकारी मिली। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल विभाग के कर्मी स्कूल की गहन तलाशी ली। बीती नौ दिसंबर को भी दिल्ली के 40 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

# गैस चैंबर बनी राजधानी : कोहरा, धुंध, प्रदूषण और सर्दी...



**कंपकंपी बढ़ी**

**सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ठंड़ी हवाएं कंपकपी बढ़ा रही हैं। औसत एक्यूआई 450 दर्ज किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में मौसमी दिशाओं में बदलाव आने के साथ ही कोहरे व स्मॉग की मार लोगों पर पड़ रही है। मौसम विभाग ने तीन दिन के लिए घने से घना कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पहाड़ों से आने वाली हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ठंड़ी हवाएं कंपकपी बढ़ा रही हैं। आज औसत एक्यूआई 450 दर्ज किया गया है। राजधानी में आज भी छाई है कोहरे की चादर। गुरुवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री कम है। जबकि सबसे ठंडा इलाका नरेला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, सुबह साढ़े सात बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 250 मीटर दर्ज की गई। जबकि पालम में 600 मीटर दृश्यता रही। सुबह कोहरे व स्मॉग का असर देखने को मिला। इससे सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई।

मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि शुक्रवार को कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग और घने से घना कोहरा रहने की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 23 और छह डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। लोगों को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ।

# अस्पताल में भर्ती भाजपा के दोनों सांसदों की सेहत में सुधार: डॉ. अजय

**मॉनिटरिंग**

**जब प्रताप सारंगी को अस्पताल लाया गया तो बहुत अधिक खून बह रहा था। उनके माथे पर गहरा घाव था**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: संसद** के बाहर कल हुई धक्का-मुक्की में घायल भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत राम मनोहर लोहिया अस्पताल के आईसीयू में एडमिट हैं। यह घटना संसद में एनडीए और इंडी गठबंधन के सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बाद हुई। इसमें दोनों सांसदों को चोट आई है और उन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या भी है। दोनों सांसदों की सेहत के बारे में अपडेट देते हुए आरएमएल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अजय शुक्ला ने बताया कि दोनों की हालत बेहतर है। उनका बीपी सामान्य है। वे फिलहाल आईसीयू में हैं। सीटी स्कैन और एमआरआई की दोनों रिपोर्ट सामान्य हैं। डॉ. शुक्ला ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों को अभी डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। सांसद प्रताप सारंगी को दिल की भी समस्या है इसलिए उन्हें मॉनिटरिंग के लिए आईसीयू में रखा गया है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टर्स निर्णय लेंगे कि उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट करना है या नहीं। उन्हें एक दिन और हॉस्पिटल में रखा जा सकता है। सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत की पहले की स्थिति के बारे में पूछे गए एक सवाल में डॉ. अजय शुक्ला ने बताया था कि जब प्रताप सारंगी को अस्पताल लाया गया तो बहुत अधिक खून बह रहा था। उनके माथे पर गहरा घाव था और टांके लगाने पड़े।

# ईवीएम वेरिफिकेशन की मांग वाली याचिका जस्टिस दत्ता की बेंच को रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: चीफ** जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने हरियाणा के पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक रह चुके करण सिंह दलाल की ईवीएम वेरिफिकेशन की मांग करने वाली याचिका को जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच के पास सुनवाई के लिए रेफर कर दिया है। जस्टिस दत्ता की बेंच याचिका पर 20 जनवरी 2025 से शुरू हो रहे हफ्ते में सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान आज निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने इस याचिका को खारिज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी ही याचिका पहले सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच इस पर सुनवाई करेगी। इसके पहले 13 दिसंबर को जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका पर ये कहते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया था।

# केजरीवाल की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को मिला वक्त



**अभियोजन**

**लोकसेवक के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति के बिना संज्ञान नहीं लिया जा सकता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की उनके खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को समय दे दिया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील एन हरिहरन और सिसोदिया की ओर से पेश वकील विक्रम चौधरी ने कहा था कि सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए ईडी ने जरूरी अनुमति नहीं ली थी। उसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेकर गलती की है। याचिका में कहा गया है कि अपराध प्रक्रिया संहिता के तहत लोकसेवक के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति के बिना संज्ञान नहीं लिया जा सकता> है। ऐसे में ट्रायल कोर्ट की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान लेना कानून-सम्मत नहीं है इसलिए उस आदेश को निरस्त करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत दी थी। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 01 जून तक की अंतरिम जमानत दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। केजरीवाल को 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल किया था जिसमें बीआरएस नेता के कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है। कोर्ट ने 29 मई को छठे पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

# डीएनडी फ्लाई-वे टोल फ्री रहेगा, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने डीएनडी फ्लाई-वे का इस्तेमाल करने वाले लोगों को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ किया कि डीएनडी टोल फ्री रहेगा। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2016 में दिए फैसले को सही ठहराया है। हाई कोर्ट ने डीएनडी फ्लाई-वे को टोल फ्री किया था। हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ टोल कम्पनी नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनटीबीसीएल को बिना सार्वजनिक टेंडर जारी किए ठेका दिया गया, जो पूरी तरह मनमाना और गलत फैसला था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टोल वसूलने के लिए नोएडा अथॉरिटी और एनटीबीसीएल के बीच किया गया समझौता गलत था। इस समझौते को इस तरह बनाया गया था कि टोल कम्पनी अनंत काल तक टोल वसूलने के लिए अधिकृत कर दी गई। इस समझौते के चलते आम लोगों से कई सौ करोड़ रुपये गलत तरीके से वसूले गए। इस मामले में 4 दिसंबर 2018 को सीएजी ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी।

इस मामले पर पहले की सुनवाई के दौरान नोएडा टोल ब्रिज कंपनी ने कहा था कि डीएनडी फ्लाईओवर देश का सबसे अच्छा है और उसमें कोई गड्ढा नहीं है। इस पर तत्कालीन चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि आप इसका क्रेडिट इस तरह ले रहे हैं जैसे आपने चांद के लिए सड़क बना दी हो। टोल ब्रिज कंपनी ने जब ये कहा था कि अगर बाद में वो केस जीत जाते हैं तो क्या डीएनडी का इस्तेमाल करने वालों के पीछे पैसे वसूलने के लिए दौड़ते फिरेंगे? इस पर बेंच ने पूछा कि अगर हार जाएंगे तो क्या पैसे लौटाने के लिए दौड़ेंगे।

# पुलिस ने छात्राओं को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी जिला पुलिस लगातार स्कूल में पढ़ने वाले छात्राओं को सशक्त करने के लिए उन्हें सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग देने के लिए स्कूलों में जाकर ट्रेनिंग कैंप आयोजित करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हुई है। इसी क्रम में रनहोला थाना इलाके के बापरोला गांव में स्थित स्कूल में पुलिस टीम ने एक हजार से ज्यादा छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि सशक्ति अभियान के तहत जिले में यह कार्यक्रम लगातार स्कूलों में किया जा रहा है। इससे पहले पश्चिम विहार के स्कूल में भी काफी संख्या में छात्राओं को ट्रेनिंग दी गई थी। इसके लिए जिला की कम्युनिटी सेल की पुलिस टीम लगातार काम कर रही है। सब इंस्पेक्टर कुलविंदर शर्मा की देखरेख में हेड कांस्टेबल विजयपाल, सतबीर और कांस्टेबल जितेंद्र की टीम लगातार स्कूलों को चिन्हित करके वहां पर इस अभियान को पूरा करने में जुटी हुई है।

सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के जरिए लड़कियों को बताया जा रहा है, की वो अपने आपको कैसे सुरक्षित रखें।




# इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला ने गुरूग्राम निवास पर ली अंतिम सांस




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरूग्रामः** हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे इनेलो सुप्रीमो चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने शुक्रवार को अपने गुरूग्राम निवास पर अंतिम सांस ली। उनका जन्म चौटाला गांव में 1 जनवरी 1935 को हुआ था। चौ ओम प्रकाश चौटाला स्वर्गीय देवीलाल के सबसे बड़े बेटे थे। उनकी धर्मपत्नी स्नेह लता का स्वर्गवास अगस्त 2019 में हो गया था। उनकी तीन बेटियां और दो बेटे हैं। चौ ओम प्रकाश चौटाला 2 दिसंबर 1989 से 22 मई 1990, 12 जुलाई 1990 से 16 जुलाई 1990, 22 मार्च 1991 से 5 अप्रैल 1991, 24 जुलाई 1999 से 2 मार्च 2000 और 2 मार्च 2000 से फरवरी 2005 तक प्रदेश के 5 बार मुख्यमंत्री रहे। वे सात बार विधायक रहे और एक बार राज्यसभा के सांसद भी रहे। चौ ओम प्रकाश चौटाला लंबे समय तक करीब 8 साल नेता प्रतिपक्ष भी रहे। इनेलो पार्टी का गठन करने में चौ ओम प्रकाश चौटाला का अहम योगदान रहा। इससे पहले स्वर्गीय ताऊ देवीलाल ने हरियाणा में अलग अलग पार्टियों से सरकार बनाई थी। चौ ओम प्रकाश चौटाला हिन्दी, पंजाबी, संस्कृत और उर्दू के ज्ञाता थे। अपने राजनीतिक सफर में उन्होंने अनेकों बार सत्तापक्ष सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और सत्ता विरोध के कारण कई बार जेल भी गए। आपातकाल के दौरान भी 19 महीने की जेल काटी थी। स्वर्गीय देवीलाल के बाद वे एकमात्र मुख्यमंत्री थे जिन्होंने हरियाणा के विकास के लिए सबसे ज्यादा काम किए। आज का साइबर सिटी गुरूग्राम को विकसित करने और इसके विकास का अमली जामा पहनाने में चौ ओम प्रकाश चौटाला का सबसे बड़ा योगदान है। हरियाणा में बड़े उद्योग भी चौ ओम प्रकाश चौटाला के मुख्यमंत्री रहते ही लगे थे जिसमें मारूति सुजुकी और होंडा जैसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों ने अपने उद्योग हरियाणा में लगाए थे। 2000 से 2005 तक चौ ओम प्रकाश चौटाला के मुख्यमंत्री रहते हरियाणा के इतिहास में एक मात्र समय ऐसा था जब हरियाणा सरप्लस स्टेट बना था। 2005 में जब इनेलो की सरकार गई तो हरियाणा का सरकारी खजाना लबालब भरा हुआ था और 3500 करोड़ रूपए खजाने में छोड़ कर गए थे जिसको बाद की सरकारों ने लूटने का काम किया और हरियाणा को कर्जाई बना दिया। 2013 में कांग्रेस की सरकार ने एक षडयंत्र के तहत उन्हें 10 साल की सजा करवा दी जिसके कारण उन्होंने सजा काटी। जेल में रहते हुए ही चौ ओम प्रकाश चौटाला ने 2021 में अपनी 10वीं और 12वीं की परीक्षा भी पास की। जेल में रहकर चौ. ओम प्रकाश चौटाला का 10वीं पास करना सामाजिक तौर पर इतना प्रेरणादायक हुआ कि बॉलीवुड में उनकी जेल में रहते 10वीं करने पर दसवीं नाम से एक बहुत सफल फिल्म भी बनी जिसमें अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई। चौ. ओम प्रकाश चौटाला ने अपने जीवन में 150 से उपर देशों की यात्रा की और विदेशों में जो उन्होंने देखा और सीखा उसको मुख्यमंत्री रहते प्रदेश के विकास में लागू किया। चौ ओम प्रकाश चौटाला का जीवन बावजूद एक मुख्यमंत्री के बेटे होने के बेहद संघर्ष में बीता। और इसी संघर्ष के बल पर वे जमीन से जुड़े नेता बने। मुख्यमंत्री रहते चौ ओम प्रकाश चौटाला ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और न ही कभी जाती पाती की गंदी राजनीति की। उन्होंने सभी वर्गो को उचित प्रतिनिधित्व दिया। चौ ओम प्रकाश चौटाला संगठन के व्यक्ति थे और जानते और समझते थे कि संगठन में जो ताकत है वो किसी में भी नहीं है। यही कारण था कि उन्होंने इनेलो पार्टी का संगठन बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

एक समय ऐसा था कि विपक्षी पार्टियां भी चौ ओम प्रकाश चौटाला के संगठन से बेहद प्रभावित थे और विपक्षी यह मानते थे कि संगठन के मामले में इनेलो से मजबूत संगठन किसी भी पार्टी का नहीं है।

## उतार चढ़ाव भरा रहा ओपी चौटाला का सियासी सफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे ओपी चौटाला का राजनीतिक सफर उतार चढ़ाव से भरा रहा।और पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल के बेटे ओपी चौटाला पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने तो सिर्फ छह माह रह पाए। दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर पांच दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा।तीसरी बार जब मुख्यमंत्री बने तो उन्हें दो हफ्ते बाद राष्ट्रपति शासन लागू हो गया।चौथी बार मुख्यमंत्री बनने पर करीब पांच माह बाद विधानसभा भंग कर दी।पांचवीं बार दो मार्च 2000को मुख्यमंत्री बने तो पूरे पांच साल मुख्यमंत्री रहे।हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते की गई 3206 जेबीटी भर्ती मामले में घोटाले के आरोप लगाए गए।दिल्ली की सीबीआई अदालत ने ओपी चौटाला और उनके बेटे अजय सिंह को इस मामले में दस साल के कारावास की सजा सुनाई। यह सजा पूरी कर दोनों बाहर आए। चौटाला को शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित उनके घर में दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ओम प्रकाश चौटाला को आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराया गया था। वे सात बार विधायक भी रहे।

ओम प्रकाश चौटाला का जन्म 1 जनवरी 1935 को सिरसा जिले के चौटाला गांव में हुआ था। उन्होंने पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पहली बार 2 दिसंबर 1989 को मुख्यमंत्री बने और 22 मई 1990 तक इस पद पर रहे। दूसरी बार 12 जुलाई 1990 को मुख्यमंत्री बने।तब बनारसी दास गुप्ता को हटाया गया था। लेकिन उन्हें पांच दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। तीसरी बार 22 अप्रैल 1991 को मुख्यमंत्री बने, लेकिन दो हफ्ते बाद ही राष्ट्रपति शासन लग गया। चौथी बार 24 जुलाई 1999 को मुख्यमंत्री बने। उन्होंने दिसंबर 1999 में विधानसभा भंग कर दी। फिर चुनाव हुए और 2 मार्च 2000 को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बने। इस बार वे पूरे पांच साल मुख्यमंत्री रहे।

**कब बनाई इनेलो?**

1993 में ओपी चौटाला ने नरवाना सीट से उपचुनाव जीता। 1996 में उन्होंने हरियाणा लोक दल (राष्ट्रीय) नाम से नई पार्टी बनाई। 1998 में बसपा के साथ मिलकर पांच लोकसभा सीटें जीतीं। फिर पार्टी का नाम बदलकर इंडियन नेशनल लोकदल कर दिया गया।

**चौटाला के परिवार में कौन?**

चौटाला की शादी स्नेह लता से हुई थी, जिनका निधन अगस्त 2019 में हो गया था। उनके दो बेटे अजय और अभय चौटाला हैं। दोनों राजनीति में हैं। अजय की पत्नी नैना चौटाला और अभय की पत्नी कांता चौटाला हैं। चौटाला की तीन बेटियां भी हैं। सुचित्रा, सुनीता और अंजलि। ओपी चौटाला के तीन भाई रणजीत सिंह चौटाला, प्रताप सिंह चौटाला और जगदीश कुमार चौटाला में से प्रताप सिंह चौटाला नहीं रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन पर प्रदेश में शोक की लहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर पूरे प्रदेश में शोक की लहर। हरियाणा मंत्रीमंडल के सभी कैबिनेट मंत्रियों सांसदों, विधायकों व पूर्व मंत्रियों के अलावा अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों ने शोक व्यक्त किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी, कुमारी आरती सिंह राव व राज्य मंत्री राजेश नागर तथा गौरव गौतम ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त की है।

### ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री और इनेलो के वरिष्ठ नेता चौ. ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ओपी चौटाला के निधन से हरियाणा की राजनीति के एक अध्याय का अंत हो गया है। उनकी कमी को पूरा कर पाना मुश्किल है। हरियाणा की राजनीति में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौटाला का व्यक्तित्व सादगी और संघर्ष का प्रतीक था। वे एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने ग्रामीण विकास, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई योजनाएं चलाईं। उनके निधन से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे प्रदेश को गहरा आघात लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल दें। उल्लेखनीय है कि चौटाला 1989 में पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे। वे पॉच बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। चौटाला का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गुरुग्राम में अंतिम सांस ली।

### हरियाणा में तीन दिन का राजकीय शोक, भाजपा नेताओं ने किया शोक व्यक्त

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर प्रदेश सरकार ने तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।इसके चलते 22दिसंबर तक कोई समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा। ओम प्रकाश चौटाला का अंतिम संस्कार शनिवार को पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। इस बीच भाजपा नेताओं ने चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अलावा भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और भाजपा के पूर्व प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब ने चौटाला के निधन को प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया। भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शोक जताते हुए चौटाला के निधन को प्रदेश की राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। सभी भाजपा नेताओं ने पूर्व सीएम चौटाला को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी है।

सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लिखा है कि इनेलो सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का निधन अत्यंत दु:खद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लिखा है कि मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। चौटाला ने प्रदेश और समाज की जीवनपर्यंत सेवा की। देश व हरियाणा प्रदेश की राजनीति के लिए यह अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इनेलो सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का निधन अत्यंत दु:खद है। चौटाला ने किसान, वंचितों की आवाज बनकर चौधरी देवीलाल की विरासत को बखूबी बढ़ाया था, उन्होंने उत्तर भारत में गैर कांग्रेस वाद को अपने राजनीतिक कौशल से काफी मजबूती दी थी, मैं उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन को हरियाणा प्रदेश सहित देश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति कहा है।

## ओपी चौटाला का निधन प्रदेश के लिए दुखदः पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा दुखः व शोक व्यक्त किया है। उनका निधन प्रदेश की राजनीति के लिए दुखद है, जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती। आज यहां जारी एक शोक संदेश में विकास एवं पंचायत, खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि लंबे समय तक उन्होंने ओमप्रकाश चौटाला के साथ काम किया है। वे एक नेक दिल इंसान थे। किसान मजदूर व कमेरो के हित की सदैव आवाज उठाई और उनके लिए कार्य किए। उनमें जबरदस्त स्मरण शक्ति थी। हर छोटे-बड़े कार्यकर्त्ता को नाम से पुकारते थे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री से लेकर विपक्ष की सभी राजनीतिक पाटीर्यों के नेता ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं। वे वास्तव में जमीन से जुड़े हुए नेता थे।पंचायत मंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## स्वच्छता बढ़ाने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ.** विवेक जोशी ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। डॉ. जोशी ने केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास के साथ एक वर्चुअल बैठक के बाद बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई,

**फोकस**

**सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर रहेगा**

अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे। मुख्य सचिव ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों आदि समेत सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी है। अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर रहेगा। उन्होंने बताया कि तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए प्रत्येक निदेशालय, जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आकलन करेंगे। हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा। मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं को लागू किया जाएगा। नोडल अधिकारी हाई-रिजॉल्यूशन फोटो और वीडियो के साथ प्रगति का दस्तावेजीकरण करने, उपलब्धियों की रिपोर्ट करने और अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि चौटाला एक अनुभवी राजनीतिज्ञ और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपना जीवन हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा के विकास में ओम प्रकाश चौटाला जी के योगदान और यहां के लोगों, विशेषकर किसानों के कल्याण के लिए उनकी प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। उनका निधन राज्य और यहां के लोगों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। दत्तात्रेय ने चौटाला जी के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव को याद करते हुए कहा कि जब मैं केंद्रीय शहरी विकास मंत्री था, तब चौटाला जी हरियाणा के सीएम थे। उन्होंने एनसीआर के विकास के संबंध में मुझसे मुलाकात की थी। एनसीआर विकास बोर्ड की बैठक के दौरान चौटाला जी, जो इसके सदस्य भी थे, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के बारे में अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण साझा करते थे। 89 साल की उम्र के बावजूद भी चौटाला जी सार्वजनिक जीवन में सक्रिय थे।दत्तात्रेय ने आज अभय चौटाला से बात की और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

**दुखद**

**एनसीआर विकास बोर्ड की बैठक के दौरान चौटाला जी, जो इसके सदस्य भी थे**

## कृषि मंत्री ने ओपी चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्रीओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। यहां जारी एक बयान में कृषि मंत्री ने चौटाला को एक अनुभवी राजनीतिज्ञ और दूरदर्शी नेता बताया, जिन्होंने अपना जीवन हरियाणा के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। कृषि मंत्री ने कहा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश चौटाला के निधन से मुझे गहरा दुख पहुंचा है।

## धनपत सिंह स्मृति पुरस्कार के लिए 6 जनवरी, तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र कलाकार 6 जनवरी,2025 तक इस पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से संबंधित विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थी ने सांग का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मयार्दा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफ के साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांग के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने, अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति की सामाजिक छवि अच्छी होनी चाहिए, उस पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए और निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए। उन्होंने बताया कि अनिवार्य योग्यताओं के अनुरूप प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद सांगियों को अपने पूरे दल के साथ विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर सांग महोत्सव में प्रस्तुति देनी होगी, जिसके आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा पात्र सांगी का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी और चयन कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। हरियाणा के कार्यालय एससीओ नंबर 200-201 सेक्टर 17 सी, चंडीगढ़ में फोन नंबर 0172-5059116, 5059113 ईमेल आईडी डीआईपीआरफील्डएटदरेटजीमेल डाट कॉम पर संपर्क किया जा सकता है।

**आमंत्रित**

**पात्र कलाकार 6 जनवरी,2025 तक इस पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं**

## शास्त्रों से सरस्वती नदी संबंधी श्लोक किए जाएंगे पुस्तक में संकलित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा** सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अब पौराणिक शास्त्रों, वेदों और अन्य मान्य ग्रंथों से सरस्वती नदी के सम्बन्ध में लिखे गए श्लोकों को एक पुस्तक में संकलित किया जाएगा। सरस्वती नदी के किनारे ऐतिहासिक साइट के डाटा को भी एकत्रित करने के लिए एक पुरातत्ववेता को शोध केन्द्र के साथ जोड़ा गया है। बोर्ड की तरफ से शोध केन्द्र के साथ 3 नए सदस्यों को जोड़ा गया है। किरमच आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हरियाणा सरस्वती शोध केन्द्र में एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने शोध केन्द्र के निदेशक डा. एआर चौधरी एवं अन्य के के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शोध केन्द्र के विस्तार और सरस्वती महोत्सव को लेकर होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्थापित किए गए शोध केन्द्र में सरस्वती नदी से सम्बन्धित और शोध कार्यों को करने तथा डाटा एकत्रित करने के लिए तीन विशेषज्ञों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे पुरातात्विक साइट का डाटा एकत्रित करने के लिए पुरातत्ववेत्ता डा. मनोज कुमार, वेदों और शास्त्रों से संस्कृत के श्लोकों को एक पुस्तक में संकलित करने के लिए संस्कृत विशेषज्ञ डा. रामचंद्र तथा रिमोट सैंसिंग विशेषज्ञ डा. संदीप को शोध केन्द्र के साथ जोड़ा गया है। हरियाणा सरस्वती शोध केन्द्र के निदेशक डा. एआर चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शोध केन्द्र के माध्यम से सरस्वती नदी के इतिहास को सहेजने का अदभुत प्रयास किया जा रहा है। इस विषय को लेकर ही सरस्वती महोत्सव पर 30 जनवरी से 1 फरवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

## 20 वर्ष पुराने मकान का मालिकाना हक देने के लिए विधानसभा सत्र में पेश किया विधेयक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने पहले विधानसभा सत्र में विधेयक पारित किया है जिसके अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लाल डोरे के बाहर तालाब या फिरनी की जमीन से अलग जमीन पर 100 से 500 गज 20 वर्ष पुराना मकान बना हुआ है तो सरकार द्वारा कलैक्टर रेट पर मकान धारकों को मालिकाना हक देने का निर्णय लिया है। कृष्ण लाल पंवार आज रोहतक में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक के एजेंडे में कुल 16 शिकायतें शामिल की गई थी, जिनमें से 9 का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य शिकायतों के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एक शिकायत के संदर्भ में उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त तथा बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता व कार्यकारी अभियंता की समिति गठित कर इन निवासियों को व्यक्तिगत मीटर लगवाने बारे निर्देश दिए। उन्होंने ओमेक्स सिटी को एक माह में बकाया राशि का भुगतान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एक शिकायत के संदर्भ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में अस्पताल व पॉवर हाऊस के लिए ग्राम पंचायत द्वारा दी गई जमीन की जांच-पड़ताल कर उपायुक्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पंचायत मंत्री ने बैठक के एजेंडे में शामिल और भी शिकायतों की सुनवाई की।

**फैसला**

**तो सरकार द्वारा कलैक्टर रेट पर मकान धारकों को मालिकाना हक देने का निर्णय लिया है।**

## वर्ष-2024 में 4652 नशा तस्करों को पहुंचाया सलाखों के पीछे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस प्रदेश में नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नित नए आयाम स्थापित कर रही है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो तथा जिला पुलिस द्वारा प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उनका नेक्सस तोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस द्वारा 1 जनवरी 2024 से 30 नवंबर,2024 तक प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ 3051 मुकदमे दर्ज करते हुए 4652 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इसके साथ ही आदतन अपराधियों पर सख्ती करते हुए पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष-2024 में 63



नशा तस्करों के खिलाफ निवारक निरोध की कार्यवाही की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये अपराधी दोबारा नशा तस्करी से ना जुड़े। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष-2023 में हरियाणा पुलिस द्वारा कमर्शियल क्वालिटी के 326 मुकदमे दर्ज किए गए थे जबकि वर्ष-2024 में 411 मुकदमे दर्ज किए गए हैं जिनमें 841 बड़े नशा तस्करों पर कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि नशा तस्करी संबंधी बड़े मामलों में तेजी लाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) से रिपोर्ट आने की समय सीमा को घटाकर 15 दिन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए गांव में 5150 ग्राम प्रहरी तथा वार्ड प्रहरी नियुक्त किए गए हैं। ग्राम प्रहरियों तथा वार्ड प्रहरियों द्वारा गांव में नशा बेचने वाले लोगों पर नजर रखी जाती है। इसके साथ ही जो लोग नशे का शिकार हो गए हैं उनकी नशा छुड़वाने में मदद की जाती है। इसी प्रकार, नमक लोटा अभियान की सफलता के कारण पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष छोटी मात्रा के एनडीपीएस मामलों में 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस अभियान के तहत समुदाय को जागरूक करते हुए छोटे अपराधियों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित की गई। इन कार्यक्रमों में सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलों तथा संवादात्मक सत्रों के जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत करवाया गया। इसी प्रकार, हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में नशामुक्त भारत पखवाड़ा के तहत 15 दिनों में लाखों लोगों तक नशा विरोधी संदेश पहुंचाया गया। इस पहल ने राज्य के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती दी और व्यापक जन जागृति का आधार

**अभियान**

**वर्ष-2024 में 841 नशा तस्करों के विरूद्ध दर्ज किए गए 411 वाणिज्यिक मात्रा के मुकदमे**

# जनता के हित सरकार के लिए सर्वोपरि: रणबीर गंगवा

## कष्ट निवारण समिति की बैठक में 13 मामलों की हुई सुनवाई, 9 का मौके पर किया समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश की जनता ने बड़े बहुमत के साथ भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाई है। विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, जनता के हित सरकार के लिए सर्वोपरि हैं, अधिकारियों को चाहिए कि आम जनता की जायज शिकायतों एवं समस्याओं का अपने स्तर पर प्राथमिकता से निवारण करें, ताकि कष्ट निवारण समिति की बैठक में कम से कम शिकायतें आएं। मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण



समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्री ने समिति के एजेंडे में रखे गए 13 मामलों की सुनवाई की जिनमें से 9 का मौके पर समाधान कर दिया तथा 4 मामलों में कार्रवाई से संतुष्ट न होने पर उच्च अधिकारियों को पुनः जांच के निर्देश दिए।

मंत्री ने इस मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की मूलभूत जरूरतों से संबंधित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं। किसी भी कार्य को अधूरा न छोड़ें तथा जनता की मांग पर नए विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाकर अपने विधायक के माध्यम से सरकार के पास भिजवाएं ताकि प्रदेश का

**विकास कार्य**

**प्रदेश की जनता ने बड़े बहुमत के साथ भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाई है**

चहुंमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के साथ कहीं अन्याय न होने दिया जाए, गांव कारसा डोड में 100-100 गज के प्लाटों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाएं। बैठक में सदर बाजार करनाल निवासी हेमराज का मामला बैंक से संबंधित था, जिसमें उनका कहना था कि उन्होंने बैंक का ऋण भी चुका दिया था, लेकिन नीरज नाम के व्यक्ति ने हुड्डा विभाग व तहसील कार्यालय से रजिस्ट्री करवा ली, जबकि उन्होंने अपना मकान किसी भी व्यक्ति को नहीं बेचा। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रार्थी प्लाट पर लिए गए बैंक ऋण को चुकता करने बारे कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका जिस पर बैंक द्वारा उक्त प्लाट की नीलामी के लिए इश्तिहार लगवाए गए और नीरज शर्मा द्वारा बैंक के माध्यम से एआरसीआईएल कंपनी के माध्यम से यह प्लाट वर्ष 2018 में 13 लाख 70 हजार रुपए में नीलामी के माध्यम से खरीद लिया था और यह प्लाट अपने कब्जे में ले लिया।

# सैर के लिए खुले एनडीआरआई के द्वार, जनता ने जताया केंद्रीय मंत्री का आभार

**सैर करें**

**हर रोज प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक तथा सायं 5 बजे से 7.30 बजे तक एनडीआरआई के अंदर सैर कर सकेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की जनता के लिए आखिरकार एनडीआरआई के द्वार सैर करने के लिए शुक्रवार को खुल गए। सुबह-सुबह सैर करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके साथ-साथ करनाल के विधायक जगमोहन आनंद भी पहुंचे। आमजन ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व करनाल के विधायक जगमोहन आनंद का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उन्हीं की बदौलत एनडीआरआई के गेट आमजन के लिए खुले हैं।

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हर रोज प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक तथा सायं 5 बजे से 7.30 बजे तक एनडीआरआई के अंदर सैर कर सकेंगे। अब शहरवासी सुबह व शाम को सैर कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि करनालवासियों से जुड़ी समस्याओं का हल करवाना उनकी प्राथमिकता है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में करनाल शहर में निरंतर विकास के कार्य हो रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति की कोई समस्या है तो वह सीधे उनके कैंप कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

**विधायक जगमोहन आनंद ने की आमजन के साथ सैर, बाद में ली चाय की चुस्की:** विधायक जगमोहन आनंद सुबह-सुबह 5 बजे सैर के लिए एनडीआरआई गेट पहुंच गए थे। वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्होंने विधायक का तहे दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने सभी से मुलाकात की और उनके साथ एनडीआरआई में सैर की। इसके उपरांत उन्होंने आमजन के बीच बैठकर चाय पी। उन्होंने कहा कि करनाल शहर का विकास उनके लिए सर्वोपरि है।

# गुरू नानक खालसा कॉलेज ने नशे के खिलाफ निकाली रैली





**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में एन्टी ड्रग सैल, एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में नशे के खिलाफ विशाल रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। विद्यार्थियों ने नशा एक पाप है-मानव के लिए अभिशाप है, नशा शत्रु है, भारत माता की जय के नारों के साथ रेलवे रोड़ एवं माल रोड़ पर रैली निकाली और जन जागरुकता अभियान चलाया।

प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने कहा कि सरकार या उच्चतर शिक्षा विभाग के सौजन्य से आयोजित इस रैली का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक करना और इसके दुष्प्रभावों को बताना है। आज नशा एक भयावह रूप ले चुका है। युवाओं को नशे के खिलाफ जागृत करना अति जरुरी

**रैली निकाली**

**नशा शत्रु है, भारत माता की जय के नारों के साथ रेलवे रोड़ एवं माल रोड़ पर रैली निकाली**

है, क्योंकि युवा ही देश का भविष्य हैं और अगर युवा नशे में पड़ गया तो हमारा भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसके लिए सरकार के साथ-साथ सभी शिक्षण संस्थान नशे के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं, ताकि हमारे युवा विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हुए निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

एनएसएस अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार एवं डॉ. अजय कुमार ने भी अपने विचार रखे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रो. प्रीति ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी संस्कारवान हैं।

# 21 दिसंबर को घोषित किया प्रथम अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस: नवीन

**कामयाबी**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की कूटनीति को एक और बड़ी कामयाबी मिली है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हमारा मिशन स्वस्थ भारत नित्य प्रति योग गुरु नवीन संदूजा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की कूटनीति को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के एक सह-प्रायोजित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से



पारित कर दिया गया है। इस प्रस्ताव के पास होने के साथ ही अब दुनियाभर में 21 दिसंबर को प्रथम अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 6 दिसंबर को सभी देशों ने इसे स्वीकारते हुए एक तरफ से इसके पक्ष में वोटिंग की। भारत के साथ लिकटेंस्टीन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा ने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'विश्व ध्यान दिवसइ प्रस्ताव को पारित करने में अहम भूमिका निभाई। योग गुरू नवीन संदूजा कर्ण पार्क मानव सेवा संघ में अपनी निःशुल्क योग कक्षा का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि मुझे खुशी है कि भारत ने कोर समूह के अन्य देशों के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाए जाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि भारत का नेतृत्व-वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है कि पूरा विश्व एक परिवार है। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर शीतकालीन संक्रांति का दिन है, जो भारतीय परंपरा के अनुसार ''उत्तरायणइ की शुरूआत होता है जो विशेष रूप से आंतरिक चिंतन और ध्यान के लिए एक शुभ समय की शुरूआत होती है। यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के ठीक छह महीने बाद आता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है, जो ग्रीष्म संक्रांति का दिन है। भारत ने 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

# सीजेएम ने किया सेफहाऊस, नारी निकेतन का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने शुक्रवार को यहां सेफहाऊस का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां रह रहे सभी 17 जोड़ों से बातचीत की व उनका मार्गदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने नारी निकेतन व वन स्टाप सैंटर का निरीक्षण किया और वहां रह रही महिलाओं से बातचीत कर उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का



जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद सीजेएम इरम हसन श्रद्धानंद बाल आश्रम पहुंचीं और वहां रह रहे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने बच्चों को प्रदान की जा रही।

# ड्रग्स अवेयरनेस पर रैली का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के द्वारा ड्रग्स अवेयरनेस पर पोस्टर व स्लोगन पर आधारित एक रैली का आयोजन किया गया । इस रैली में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी देश की ऊर्जा होते है और युवाओं की शकित का समाज के विकास में मुख्य योगदान होता है । उन्होंने कहा कि इस प्रकार की





रैली का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं की लत को छोड़ने के लिए लोगो को प्रोत्साहित करना है । यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के संयोजक प्रो. अजयपाल सिंह ने भी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा मुक्ति अवेयरनेस पर इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति व समाज को नशे की बुरे से मुक्त करना है । महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी ने कहा कि नशा मुक्ति का महत्त्व न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य व जीवन के लिए है बल्कि समाज के विकास के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है ।

# विधायक ने खुले मन से की उपायुक्त व अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा

**कार्यशैली**

**जो समस्याएं जनता द्वारा शिविर में पहुंच रही है उनका अधिकारियों ने ही समाधान करना है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर के प्रति लोगों का भरोसा कायम है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करें व आम जन की समस्याओं को लटकायें नहीं तुरंत उनका समाधान करें। शुक्रवार को शिविर में उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ शिविर में पहुंची शिकायतों को लेकर समीक्षा की व कौन से कारण है जिनके कारण आम जन की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा के बारे में अधिकारियों से जवाब मांगा। समाधान शिविर में पुलिस विभाग, निगम, बिजली विभाग, पंचायत विभाग व कई अन्य विभागों से संबंधित 96 समस्याएं आई। जिनका उपायुक्त ने तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो समस्याएं जनता द्वारा शिविर में पहुंच रही है उनका अधिकारियों ने ही समाधान करना है। बेहतर यही होगा कि समाधान समय पर हो अन्यथा इस विषय पर मुख्यालय में अधिकारियों की कार्य शैली को लेकर पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने समीक्षा बैठक में जिन जिन विभागों की समस्याएं लंबित हैं उनके कारण भी जाने व अधिकारियों को और तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि हमें अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग एक ऐसा जरिया है जिससे मानसिक स्थिति में सुधार होता है व हमें हर प्रकार के तनाव से दूर करने में हमारी मदद करता है। योग भगवान के साथ जुडने.का भी एक माध्यम है। नियमित योग करके हम अनेक बीमारियों से अपना बचाव कर सकते है।

समाधान शिविर में पहुंचे पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने शिविर की कार्यवाही देखी और पूरे प्रशासन की कार्यशैली की प्रंशसा करते हुए कहा कि इतने अनुशासन में समाधान शिविर में समस्याओं का जिस तरह से समाधान हो रहा है उसे देखकर लगता है कि बहुत जल्द जिला समस्याओं से मुक्त होगा।

विधायक ने एक युवक की भी पैंशन का मामला जो विचारधीन था समाधान शिविर में रखा उपायुक्त ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विधायक ने उपायुक्त व प्रशासनिक अधिकारियों का नेक नीति से किए जा रहे कार्य के लिए आभार जताया।

# समाधान शिविर में आई शिकायतों का किया जा रहा मौके पर निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का





अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में चार शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से तीन शिकायतों का समाधान कर दिया

**जागरू किया**

**कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है**

गया जबकि एक शिकायत लंबित है। उपमंडल नीलोखेड़ी में दो शिकायतें प्राप्त हुईं जिनका समाधान कर दिया गया। उपमंडल घरौंडा में चार शिकायतें प्राप्त हुई जो लंबित हैं। वहीं उपमंडल इंद्री व असंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई ।

**प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व संबंधी शिकायतों का निपटारा :** जिला में प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए नगर निगम, नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालयों में भी समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। नगर निगम में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने शिकायतों को सुना। उन्होंने बताया कि आज नगर निगम कार्यालय में दो शिकायतें प्राप्त हुई जो लंबित हैं। वहीं नगर पालिका घरौंडा नगरपालिका में चार शिकायतें प्राप्त हुई जो लंबित हैं। नगरपालिका इंद्री में एक व नगरपालिका असंध में दो शिकायतें प्राप्त हुई जिनका समाधान कर दिया गया। वहीं नगरपालिका नीलोखेड़ी, तरावड़ी व निसिंग में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

# कुच्छल ने डीसी से मुलाकात कर शहर की समस्याओं से अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**

समालखा नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल ने बृहस्पतिवार को पानीपत डीसी डॉ. वीरेंदर दहिया से मुलाकात कर शहर की समस्याओं से अवगत कराया।

चेयरमैन अशोक कुच्छल ने सुबह डीसी वीरेंद्र दहिया को बताया कि समालखा में पार्किंग न होने से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। पुराने बस अड्डे पर पुल के नीचे से सब्जी विक्रेताओं को हटाकर पार्किंग की व्यवस्था की जाए। वही सब्जी विक्रेताओं व रेहड़ी फडी वालों को अनाज मंडी में भेजा जाए। उन्होंने पुल के नीचे सौंदर्य करण करने के



साथ साथ पुल के नीचे सार्जवनिक शौचालय बनवाने की मांग रखी। डीसी वीरेंद्र दहिया ने चेयरमैन की समस्याओं को सुनकर उन्हें जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। डीसी डॉ दहिया ने कहा समालखा में पहुँचकर सभी समस्याओं को देखेंगे और समाधान करेंगे। वही समालखा आकर चेयरमैन अशोक कुच्छल ने पालिका के नवनियुक्त सचिव मनीष रैढ़, पालिका अभियंता राजकुमार, कनिष्ठ अभियंता गौरव व सफाई निरीक्षक विकास नरवाल के साथ शहर का दौरा कर अतिक्रमण व सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

# वाहनों से बैटरी चोरी व बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना सनौली पुलिस टीम ने मंदिर, खेत व दुकानों में चोरी, वाहनों से बैटरी चोरी व बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों आरोपी अलीशान व अरशद निवासी पत्थरगढ़ दोनों सगें भाई है। आरोपियों से चोरी की 11 वारदातों का खुलासा हुआ है। थाना सनौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि थाना सनौली पुलिस की एक टीम जिसमें एएसआई नवनीश, मुख्य सिपाही अजय, मुख्य सिपाही शक्ति व एसपीओ सुधीर बुधवार देर शाम को गश्त व



जांच पड़ताल के दौरान सनौली रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक एक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर सनौली खुर्द से नवादा आर को जाने वाली सड़क पर घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान अलीशान व अरशद पुत्र हासिम निवासी पत्थरगढ़ के रूप में बताई। गहनता

**शिकंजा**

**पकड़े गए दोनों आरोपी अलीशान व अरशद निवासी पत्थरगढ़ दोनों सगें भाई है**

से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने 14 दिसम्बर की रात जलालपुर प्रथम गांव में संतोषी माता मंदिर से 1500 रूपए व एक मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे सनौली थाना में मंदिर के पुजारी कल्याणा गिरी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

बाइक बारे पूछताछ करने पर दोनों आरोपी बहाने बाजी करने लगे। पुलिस टीम ने बाइक के इंजन व चेसिस नंबर के आधार पर ऑनलाइन चेक किया तो थाना किला क्षेत्र के पठान मौहल्ला से 10 दिसम्बर को चोरी होनी पाई गई। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना किला में वंश पुत्र भूपेंद्र निवासी कुटानी रोड की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर अरविंद ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने खेतों व दुकानों से चोरी व बाइक चोरी की 9 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर खेत में बने तुड़े के कूप से चोरी की 3 बसइक 3 बैटरी, 1 मोबाइल फोन व 4 हजार रूपए बरामद किये।

## संपादकीय

# अहंकार से दूरी बनाएं

**प्रत्येक** व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे-धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई-नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं । जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी। ज्ञानी व्यक्ति केवल सूचनाओं का केंद्र ही नहीं होता बल्कि ज्ञान उसे विनम्र और सद्गुणी बनाता है, विनम्रता मनुष्य को उसके जीवन में अच्छे मार्ग में प्रशस्त होता है विनम्र व्यक्ति ही समाज में उचित स्थान तथा सम्मान का हकदार बनता है। विनम्रता से ही मनुष्य समाज के हर पहलू में उसका पात्र बनकर उसे ग्रहण करने का अधिकार रखता है। इसलिए विनम्र एवं ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव सम्मानित एवं उच्च स्थान प्राप्त करने वाला व्यक्ति बन जाता है।

# मलेरिया के खिलाफ जंग में भारत की आशातीत सफलता

–डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> “डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में भारत में मलेरिया के 64 लाख मामले थे, जो 2023 में घटकर 20 लाख रह गये। इस दौरान मलेरिया से होने वाली अनुमानित मौतें भी 11,110 से घटकर 3,500 रह गयीं। रिपोर्ट बताती है कि चिकित्सीय सुविधा और सजगता बढ़ाने से भारत में जहां मलेरिया के अनुमानित 1.77 करोड़ मामलों को टाला गया, वहीं मलेरिया का जोखिम प्रति 1,000 की आबादी पर 20 से घटकर 1.5 पर आ गया, यानी इसमें 93 प्रतिशत की कमी आयी। वास्तव में, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे”

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट, 2024 में भारत में मलेरिया से होने वाली मौतों में कमी को उल्लेखनीय बताया है, जिसका निश्चय ही नोटिस लिया जाना चाहिए। भारत में मलेरिया के मामलों में आयी 69 प्रतिशत की कमी और इससे होने वाली मौतों में 69 प्रतिशत कमी का जिक्र करते हुए उसने यह निष्कर्ष दिया है कि 2024 में भारत आधिकारिक तौर पर उच्च बोझ-उच्च प्रभाव (एचबीएचआइ) वाले स्थानिक देशों के समूह से बाहर निकल गया है।

दरअसल 2019 में देश के चार राज्यों, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मलेरिया उन्मूलन की गति तेज करने के लिए अभियान चलाया गया था, जिसका निश्चित तौर पर लाभ मिला है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जिन कुछ देशों में मलेरिया पर बेहतर ढंग से काबू पाया गया है, उनमें भारत एक है। यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफ जंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है।

मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो संक्रमित मच्छरों के जरिए लोगों के बीच फैलती है। संक्रमित एनोफेलीज मच्छर के काटने से प्लाज्मोडियम परजीवी फैलता है जो पीड़ित के रक्त में प्रवेश करता है और व्यक्ति के लिवर में चला जाता है, जहाँ यह प्रजनन करता है। परजीवी फिर रक्त प्रवाह के माध्यम से यात्रा करते हैं और लाल रक्त कोशिकाओं में प्रवेश करते हैं, जहाँ वे तेजी से प्रजनन करते हैं और लाल रक्त कोशिकाओं को फाड़ देते हैं; यह चक्रों में दोहराया जाता है, जिससे तेज बुखार के साथ-साथ कंपकंपी और दर्द का चक्र शुरू हो जाता है। सबसे खराब मामलों में, मलेरिया कोमा और मृत्यु का कारण बनता है।

1953 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम (एनएमसीपी) शुरू किया जो घरों का भीतर डीडीटी का छिड़काव करने पर केन्द्रित था। पांच सालों में ही कार्यक्रम की वजह से मलेरिया की घटनाओं में आश्चर्यजनक कमी देखने में आई। इससे उत्साहित होकर एक अधिक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एनएमईपी) 1958 में शुरू



किया गिया। इससे मलेरिया में और भी कमी आई और उसका मृत्यु की वजह बनना थम गया। लेकिन 1967 के बाद अति-आत्मसंतोष तथा मच्छरों द्वारा कीटनाशकों के तथा मलेरिया-रोधी दवाओं के प्रति प्रतिकार क्षमता उत्पन्न कर लेने के कारणों की वजह से देश भी में मलेरिया ने फिर सिर उठा लिया।

1997 में भारत सरकार ने अपना लक्ष्य रोग के उन्मूलन से हटा कर उसके नियंत्रण पर केन्द्रित किया और कीटनाशकों के सार्वत्रिक छिड़काव को रोक कर चुनिंदा भीतरी जगहों पर छिड़काव शुरू किया। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात-कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण, और निजी सुरक्षा उपाय आदि। 2005 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन भी शुरू किया, जिसके उद्देश्यों में शामिल है मलेरिया सहित ज्ञात-कारण बीमारियों पर नियंत्रण शामिल था।

उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फेज-2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लांसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में भारत में मलेरिया के 64 लाख मामले थे, जो 2023 में घटकर 20 लाख रह गये। इस दौरान मलेरिया से होने वाली अनुमानित मौतें भी 11,110 से घटकर 3,500 रह गयीं। रिपोर्ट बताती है कि चिकित्सीय सुविधा और सजगता बढ़ाने से भारत में जहां मलेरिया के अनुमानित 1.77 करोड़ मामलों को टाला गया, वहीं मलेरिया का जोखिम प्रति 1,000 की आबादी पर 20 से घटकर 1.5 पर आ गया, यानी इसमें 93 प्रतिशत की कमी आयी।

वास्तव में, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण पूर्व एशिया में मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में मिली जीत की प्रशंसा तो की ही है, उसने इस रोग वाहक मच्छर जनित बीमारी की रोकथाम, निदान और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जोखिम संभावित लोगों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इसकी वजह यह है कि भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और नेपाल में मलेरिया के मामले भले ही कम हुए हों, लेकिन दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और म्यांमार में मलेरिया के मामलों में वृद्धि देखी गई है। जाहिर है, मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी जारी है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसके लिए मलेरिया की पहचान, बचाव तथा इलाज की प्राथमिकता सुनिश्चित करने का आग्रह सरकारों से किया है। जिससे मलेरिया के मामलों में गिरावट से लाखों जिंदगियों की रक्षा की जा सके।

## कविता

दिल को बड़ी मुश्किल से हमवार
किया मैं ने
इक बार जो फिर तुझ से ये प्यार किया मैं ने

मजबूत इरादों को पतवार किया मैं ने
तूफान तबाही का यूँ पार किया मैं ने

ऐ जाने- जहाँ जब से पाई है तेरी कुर्बत
खुश रहने की कोशिश से इनकार किया मैं ने

तू मेरे तअल्लुक को क्यूँ प्यार समझ बैठा
कब तुझ से मोहब्बत का इजहार किया मैं ने

ये चुभ के मुझे अपनी जानिब तो पुकारे गा
इक फूल को क्या यूँही है खार किया मैं ने

सूने से पड़े तेरे इस आलमे- हस्ती को
आबाद किया मैं ने गुलजार किया मैं ने

जब जब तेरे जज्बों में मस्ती की तड़प भड़की
तब तब ही तुझे हमदम सरशार किया मैं ने

बनते हुए तुम मेरी हस्ती के जकी मालिक
मत भूलो तुम्हें अपना हकदार किया मैं ने

जकी तारिक

## हरियाणा प्रदेश के नाम की व्युत्पत्ति

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**हरियाणा** वैदिक कालीन शब्द है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है- "ऋजुभुक्षस्याने रजतं हरियाणे। रथं युक्तं असनाम सुषामणि।" (8: 25: 22) यहाँ प्रयुक्त हरियाणे शब्द के कष्टों को सहने वाला, हरणशील, हरि का यान आदि अनेक अर्थ हो सकते हैं, किंतु इससे प्रदेश-विशेष के नाम का स्पष्ट बोध नहीं होता। यह कहना है, सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास मानव का। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा शब्द की व्युत्पत्ति मुख्यतः हरयान अथवा हरि ?यान शब्द से? मानी जाती है। इसीलिए इसे अंग्रेजी में हरयाणा तथा हिंदी में हरियाणा लिखा जाता है। किंतु मेरे मतानुसार यह थ्योरी गलत है। हर (शिव) और हरि (विष्णु) के इस क्षेत्र में यान द्वारा विचरण करने का सटीक उल्लेख नहीं मिलता। फिर यान के विचरण करने से किसी क्षेत्र ? के नामकरण की बात भी गले नहीं उतरती। हरियाणा के नामकरण संबंधी अन्य मतों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि हरियानक, हरितारण्यक, हरिताणक, आर्यायन, दक्षिणायन, उक्षणायन, हरिधान्यक, हरिबांका आदि शब्दों से हरियाणा की व्युत्पत्ति संबंधी अन्य थ्योरियाँ भी अविश्वसनीय, बल्कि कुछ तो हास्यास्पद लगती हैं। डॉ. बुद्धप्रकाश और प्राणनाथ चोपड़ा ने हरियाणा की व्युत्पत्ति अभिरायण शब्द से मानी है, किंतु इसे भी आंशिक रूप से ही सही माना जा सकता है।

डॉ. मानव ने कहा कि मेरी सुचिंतित और सुनिश्चित मान्यता है कि हरियाणा की व्युत्पत्ति अहिराणा शब्द से हुई है। पशुपालन और कृषि का व्यवसाय करने वाले यदुवंशियों को अभिर या आभीर कहा जाता था, कालांतर में, जिसका तद्भव रूप अहीर हो गया। अहीर बहादुर योद्धा माने जाते थे, जिनके अस्तित्व के प्रमाण ईसा से छह हजार वर्ष पूर्व भी मिलते हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि किसी समय अहीर जाति हरियाणा, दिल्ली, बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से लेकर गुजरात और महाराष्ट्र तक फैली हुई थी। किंतु वर्तमान हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उसका पूरा आधिपत्य और संपूर्ण वर्चस्व रहा। अहीरों का बाहुल्य होने के कारण ही इस क्षेत्र को अहिराणा कहा जाने लगा। (जैसे राजपूतों के कारण राजपुताना, मराठों के कारण मराठवाड़ा और भीलों के कारण भीलवाड़ा कहा जाता है।) बाद? में, हरियाणवी बोली की उदासीन अक्षरों के लोप की प्रकृति के चलते, अखाड़ा-खाड़ा, अहीर-हीर, उतारणा-तारणा, उठाणा-ठाणा और स्थाण-ठाण की तर्ज पर, अहिराणा से हिराणा और फिर हरयाणा या हरियाणा हो गया। अहिराणा शब्द का अर्थ है-अहीरों का क्षेत्र। इसे अहीरवाल का पर्यायवाची माना जा सकता है।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य का उल्लेख करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि इससे भी मेरे मत की पुष्टि होती है।

## विचार

# राहुल तुम केवल गुंडे हो नेता नहीं

**राकेश अचल**

**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पहचानने में भाजपा भूल कर गई । भाजपा ने तो राहुल गांधी को कठिन परिश्रम के बाद राजनीति का पप्पू बनाया था ,लेकिन राहुल गाँधी तो राजनीति के गुंडे बन गये । टीशर्ट वाले गुंडे। राहुल ने तो संसद के मकर द्वार पर भाजपा की सारंगी को ही बजा दी । अब राहुल के खिलाफ संसद मार्ग थाने में प्राथिमिकी लिखाई जा चुकी है । राहुल अब जाओ और अपनी गिरफ्तारी के लिए तैयारी करो । इधर संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होगा और उधर तुम्हारी गिरफ्तारी होगी। देखते हैं कौन माई का लाल तुम्हे जेल जाने से रोकता है ? राहुल को हम सब और तमाम दुनिया एक भद्र युवा संसद और कांग्रेस का नेता समझते हैं ,लेकिन भाजपा को ऐसा कोई भ्रम नहीं है । भाजपा राहुल को शुरू से पप्पू बनाती और समझती रही लेकिन जब राहुल ने आम चुनाव में भाजपा का अश्वमेघ का घोड़ा पकड़ कर 400 पार करने से पहले ही बाँध लिया तो भाजपा सकते में आ गई । बामुश्किल भाजपा ने छह माह राम-राम कहकर काटे हैं और संसद का शीत सत्र समाप्त होते-होते तक राहुल को पप्पू से गुंडा बना ही दिया। अब संसद नहीं बल्कि संसद मार्ग थाने की पुलिस और बाद में अदालत तय करेगी कि राहुल गाँधी पप्पू हैं या गुंडे।

मजे की बात देखिये कि मणिपुर में सैकड़ों निरीह लोगों के नरसंहार पर भी जिन प्रधानमंत्री जी की नींद नहीं टूटी उन प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी द्वारा कथित रूप से दिए गए धक्के में जख्मी हुए भाजपा संसद प्रताप सारंगी की खैरखबर मोबाईल कर ली । सारंगी ने मीडिया के समाने प्रधानमंत्री जी से संवाद का बाकायदा ऑडियो रिकार्ड कराया यानि प्रधानमंत्री जी से मोबाईल का आडियो खोलकर बात की। काश प्रधानमंत्री जी की ऐसी ही कृपा देश के दुसरे पीड़ितों पर भी हो जाये। भाजपा के प्रताप सारंगी राजनीति में आने से पहले न पप्पू थे और न गुंडे । वे तो केवल भाजपा की सारंगी बजाते थे। उन्होंने ग्राहम को नहीं मारा। उनकी ग्राहम के हत्यारे बजरंगी पहलवान से भी कोई दोस्ती नहीं थी।

मुझे जितना गर्व देश की संसद पर नहीं है, उससे ज्यादा गर्व देश के संसद मार्ग थाने पर है । संसद मार्ग थाने की पुलिस ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ तमाम उन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जो आमतौर पर किसी गुंडे या मवाली के खिलाफ इस्तेमाल की जाती है। राहुल के खिलाफ धारा 115: स्वेच्छा से चोट पहुंचानाधारा 117: गंभीर चोट पहुंचाना,धारा 125: जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना ,धारा 131: आपराधिक बल का प्रयोग,धारा 351: आपराधिक धमकी देने और धारा 3(5): सामान्य उद्देश्य से काम करने का मामला दर्ज किया है। अब यदि संसद मार्ग थाने ने इस मामले में राहुल गांधी की गिरफ्तारी न की तो पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस के मुखिया की भी नाक काट जाएगी।भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, बांसुरी स?वराज और अन?य नेताओं ने संसद मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई। यानि सारंगी और बांसुरी समवेत सुर में बज रहीं है।

मकर द्वार पर धक्का-मुक्की के मामले में चूंकि भाजपा थाने गयी तो कांग्रेस भी थाने गयी । लेकिन पुलिस ने कांग्रेस की शिकायत पर कोई मामला दर्ज नहीं किया ,लेवल शिकायत ले ली। हमारे देश की पुलिस अक्सर ऐसा ही करती है। कांग्रेस की शिकायत में कांग्रेस अध?यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ धक?का-मुक?की की शिकायत गई, दिल?ली पुलिस ने कहा कि कांग्रेस की शिकायत की फिलहाल जांच की जा रही है. जांच पूरी होने के बाद उचित कदम उठाया जाएगा।हमरे देश कि पुलिस का उचित कदम तभी उठता है जब उससे ऐसा कदम उठाने के लिए कहा जाये। दरअसल इस फसाद की जड़ में तो केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह और माननीय डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब हैं ,इसलिए कायदे से तो इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाना चाहिए था। क्योंकि न अमित शाह साहब डॉ अम्बेडकर साहब के बारे में कोई टिप्पणी करते और न कांग्रेस इसके विरोध में कोई मार्च निकालती। कांग्रेस ने अमित शाह की ओर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# फर्जी नागरिक की खोज में सरकारी चमत्कार

**डॉ. सुरेश**

**एक दिन** प्रधानमंत्री कार्यालय में अचानक एक अजीबोगरीब कॉल आया। किसी अजनबी ने फोन किया और कहा, प्रधानमंत्री जी, एक बड़ी समस्या आन पड़ी है, हमें तुरंत किसी राहत कार्य की योजना बनानी होगी। प्रधानमंत्री जी ने बड़े आराम से जवाब दिया, क्या समस्या है?कॉल करने वाले ने कहा, हमारे देश के नागरिकों में से एक सजग नागरिक नाम का व्यक्ति लापता हो गया है। यह वही सजग नागरिक है, जो हमेशा सरकार की योजनाओं के बारे में हर जानकारी रखता था और हर कदम पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराता था।

प्रधानमंत्री जी ने चाय की चुस्की ली और मुस्कराते हुए कहा, अरे तो क्या हुआ? सजग नागरिक हैं तो कहां जाएंगे? वे तो सरकार के बिना काम नहीं कर सकते, यह तो तय है। कॉल करने वाला थोड़ा और घबराया और बोला, लेकिन प्रधानमंत्री जी, इसका नाम किसी फाइल में नहीं आ रहा, न ही किसी सरकारी डेटाबेस में। यह व्यक्ति हमेशा हमारे डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी के प्रोडक्ट्स का प्रमोशन करता था। अब यह नहीं मिल रहा। लगता है ये कोई खिचड़ी पका रहा है। प्रधानमंत्री जी ने एक और चाय की चुस्की ली, फिर अपने सेक्रेटरी को बुलाया और बोले, चलो, इस मामले को संभालो। यह शायद सरकारी योजनाओं के खिलाफ जा रहा होगा। तुम लोग उसे खोजो, और अगर ढूंढने में मुश्किल हो, तो एक नई योजना निकाल दो कुछ ही घंटों में एक न्यूज रिपोर्ट आई: सजग नागरिक की खोज में सरकार ने एक नई योजना शुरू की है - सजग नागरिक पुनः रजिस्ट्रेशन योजना। इस योजना के तहत हर सजग नागरिक को अपने पूरी डेटा के साथ रजिस्टर कराना होगा, ताकि सरकार को किसी भी समय उसका डेटा मिल सके और सरकार उसे कभी न खो सके।अब यह योजना शुरू हो गई, और कुछ ही दिनों में, पूरे देश में सजग नागरिकों की लंबी लिस्ट बन गई। लेकिन यह लिस्ट देखकर सरकार को कुछ और ही खटका। उन्होंने पाया कि किसी भी सजग नागरिक ने अपनी नौकरी की जानकारी नहीं दी थी, न ही उन्होंने अपनी आयकर विवरणी दी थी। सभी सिर्फ योजनाओं के प्रचार में व्यस्त थे।

## करौली के इंजीनियर शुभम व्यास ने भी की आत्महत्या

**पूरन चंद शर्मा**

**बैंगलोर** के अतुल सुसाइड केस से पूरे देश की रूह कांप गई है लेकिन अभी भी इस तरह की घटनाएं रुक नहीं रही हैं।महिलाओं को संरक्षण देने वाली धारा 498अ के बढ़ते दुरुपयोग से निराशा पुरुष अब स्वयं का जीवन समाप्त करने लगे हैं। इन प्रकरणों के चलते समाज में चिंता की लकीर भी झलकने लगी है । विवाहित महिलाओं द्वारा पुरुषों एवं उनके परिजनों को प्रताड़ित करने की घटनाओं में बेहिसाब वृद्धि हो रही है'

विवाहित महिलाओं द्वारा 498 अ का दुरुपयोग किए जाने पर सामाजिक कार्यकताओं ने चिन्ता जाहिर की है। बैंगलोर के अतुल सुसाइड काण्ड ने तो पूरे देश को झकझोर दिया है।

अतुल के बाद अब एक और इंजीनियर शुभम व्यास ने मौत को गले लगा लिया है ।

जयपुर के महेश नगर थाना इलाके में बीते शनिवार को हेल्थ हॉस्पिटल के पीछे इंजीनियर शुभम व्यास ने पंखे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के जीजा ने गेट नहीं खुलने पर उसे तोड़ दिया। गेट टूटने पर इंजीनियर फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने शव को पंखे से नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। तीस वर्षीय मृतक शुभम व्यास मूलतः करौली का रहने वाला है और जयपुर के महेश नगर स्थित हेल्थ हॉस्पिटल के पीछे किराए से रहता था। एसआई मुकेश मीणा ने बताया कि सेक्रेटेरिएट में कार्यरत इंजीनियर शुभम व्यास ने पंखे से फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक के जीजा सत्येंद्र पराशर ने रिपोर्ट में आरोप लगाए हैं कि शुभम की सास और पत्नी काफी समय से उसे लगातार परेशान कर रहे थे। एक साल पहले ही शुभम की शादी हुई थी। कुछ माह रहने के बाद शुभम की पत्नी पीहर चली गई। आए दिन वे लोग शुभम को परिवार समेत झूठे केस में फंसाने की धमकी देते थे। तब से वह लगातार परेशान चल रहा था। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### इंस्पेक्टर अतर सिंह ने जीते दो कांस्य पदक



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत इंस्पेक्टर पलड़ी गांव के अतर सिंह आंतिल ने हरियाणा राज्य मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता 14 से 15 दिसंबर को चंडीगढ़ में आयोजित की गई। अतर सिंह ने 55 प्लस आयु वर्ग में जैवलिन थ्रो व शाटपुट में कांस्य पदक जीते। उनका चयन हरियाणा के दल में चयन हो गया है। वे जनवरी महीने में केरल में होने वाली मास्टर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशप में शिरकत करेंगे। अतर सिंह ने बताया कि उन्हें बचपन से कुश्ती का शौक था। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच प्रेम सिंह आंतिल से उन्होंने कुश्ती के टिप्स सीखे और जूनियर नेशनल में कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने इंटर कालेज कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण और आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुश्ती में कांस्य पदक जीता। कुश्ती के साथ-साथ उन्हें जैवलिन थ्रो व शाटपुट खेल में भी खासी दिलचस्पी है। इस शौक का पूरा करने के लिए अतर सिंह ने राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत की और सफलता मिली। अतर सिंह ने बताया कि अब उनका लक्ष्य नेशनल मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतना है। इसके लिए वे तैयारी में जुट गए हैं।

### बड़ी सी आशा कार्यक्रम सांग का हुआ आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पानीपत के पसीना खुर्द व बबैल समुदाय में जिला शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत ओर ब्रेकथ्रू संस्था के संयुक्त तत्वाधान मे बड़ी सी आशा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा समुदाय में बड़ी सी आशा कार्यक्रम के तहत सांग आयोजन किया गया ।। ब्रेकथ्रू संस्था पिछले 10 सालों से हरियाणा के 6 जिलों के 125 गाँव मे जेंडर संवेदनशीलता को लेकर काम कर रही है। जेंडर संवेदनशीलता के प्रति गाँव में नुक्कड़ नाटक, सभाओं और सांग के माध्यम से लोगों को जेंडर संवेदनशीलता के प्रति जागरुक किया जाएगा। किशोरी किशोरियों के सपनों को लेकर माता पिता से बातचीत करना इस अभियान का लक्ष्य रहेगा। अभियान के तहत समुदाय में सांग के जरिए लड़कियों की शिक्षा का अभियान चलाया गया। सांग में दिखाया गया कि लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सांग में दिखाया गया कि कैसे लडकियों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है, जबकि लड़कों को सारे अधिकार दिए जाते। इसके अलावा कैसे एक लड़के के लिए लडकियों को जन्म दिया जाता है और फिर लड़के की खुशी की वजह से लड़कियों की पढ़ाई छुट जाती है। पढ़ाई छूटने की वजह से लड़कियों की शादी जल्दी कर दी जाती है।

### कांग्रेस हार से बोखला गई है- विधायक कृष्णा गहलावत



**सोनीपत राई विधानसभा से** विधायक कृष्णा गहलावत ने भारत के गृहमंत्री अमित शाह की गलत वीडियो वायरल करने पर कांग्रेस की आलोचना की है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। भाजपा ने गरीबों दलितों और बिछड़े के उद्धार के लिए कार्य किया है इसलिए भारत की जनता ने तीसरी बार केंद्र और हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाई है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस हार से बौखला गई है। संसद में भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने अंबेडकर के बारे में कांग्रेस का सच उजागर किया कांग्रेस यह बर्दाश्त नहीं कर पाई और झूठी व अधूरी वीडियो वायरल कर रही है जिसका खुद अमित शाह ने भी खंडन किया है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत की जनता सब कुछ जानती है वह कांग्रेस की झूठी बातों में नहीं आने वाली है।

# स्कूली छात्रों को बुनियाद, सुपर-100 की प्रक्रिया, सुविधाएं बताकर प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया

## मंच के माध्यम से बुनियाद व सुपर-100 पर प्रकाश डाला गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपमंडल बराड़ा के अधीनस्थ राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वाधान में विकल्प फाउंडेशन के सौजन्य से एक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें अश्वनी मलिक एसडीएम(ना०) बराड़ा, मुख्य अतिथि तथा सुरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बाला तथा प्रमोद कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी,बराड़ा विशिष्ट अतिथि व मोनिका, खंड संसाधन संयोजिका, बराड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन टीजीटी संस्कृत रामप्रसाद कौशिक द्वारा बखूबी किया गया ' मंच के माध्यम से बुनियाद व सुपर-100 पर



प्रकाश डाला गया ' वक्ताओं ने स्कूली छात्रों को विभिन्न 8वीं कक्षा वर्ग के अनुसार बुनियाद तथा उच्च कक्षा 10वीं के छात्रों को सुपर -100 प्रतियोगिताओं की दस्तावेजी प्रक्रिया, पंजीकरण ,आवेदन, भोजन, आवास ,फीस तथा कोचिंग आदि की ऑनलाइन व ऑफलाइन मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से अवगत करवाया गया ' वक्ताओं ने बच्चों को बताया कि मेधावी स्कूली छात्रों को इस कार्यक्रम में भागीदार बनाकर स्थानीय व खंड स्तर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा, अभियांत्रिकी तथा अन्य विविध विधाओं की कोचिंग तथा अनुभव एवं प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें व्यावसायिक विकल्पों के चयन तथा अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। छात्रों को इससे आर्थिक सहायता, आवास ,ज्ञान ,तकनीकी ज्ञान स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होने से प्रतिभा निखारने हेतु मार्गदर्शन निशुल्क प्राप्त होता है, जिससे निर्धन, मेधावी व विशेष कर ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होता है। वर्ष 2018 से प्रारंभ की गई इस परियोजना से अब तक 5500 विद्यार्थी शिक्षित, प्रशिक्षित होकर विभिन्न आई.आई .टी.व एमबीबीएस आदि विधाओं में सफल हो चुके हैं।

आयोजकों ने छात्रों को विभाग की समय सारणी के निर्धारित समय अनुसार पंजीकरण करवाने व मिशन एवं संकल्पना के सुनहरी अवसर का लाभ उठाने का आान किया।

## टावर लगाने से नही रोका गया तो महिलाएं बैठेंगी धरने पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के रिहायशी क्षेत्र में दिल्ली रोड वार्ड 5 में टॉवर लगाने का काम चला हुआ है। जिसको रोकने के बारे में बीते दिनों पहले वार्डवासी महिलाओ ने सीएम विंडो के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को भी शिकायत दी थी। उसी मामले में खरखौदा के दिल्ली रोड के स्थित वार्ड संख्या 5, की महिलाएं नगरपालिका सचिव से भी मिली। शिकायत पर नगरपालिका सचिव ने काम को रुकवा दिया। लेकिन टॉवर लगाने वाली कंपनी ने रात को काम शुरू कर दिया। जिसके बाद वार्ड 5

**मांग**

**⏩ खरखौदा के रिहायशी क्षेत्र में दिल्ली रोड वार्ड 5 में टॉवर लगाने का काम चला हुआ है**

खरखौदा की महिलाएं बुधवार को एसडीएम खरखौदा से मिली और टॉवर लगने से होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। इस के बाद महिलाओं ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जल्द ही टॉवर लगने से नही रोका गया तो महिलाएं धरने पर बैठ जायेगी।

### लाखों के गबन का आरोपी फाइनेंस कंपनी कर्मचारी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने लाखों के गबन के मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान गगनदीप सिंह पुत्र लक्खा सिंह निवासी मलवाला के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे में पुलिस ने 27 नवंबर को भारत फाइनेंशियल इंक्लुजन लि. इंडसइंड बैंक, ब्रांच रतिया के मैनेजर गोबिंद सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उनका बैंक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में महिलाओं को लोन देकर उनकी सहायता प्रदान करती है।

## नॉमिनेशन की प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः हरियाणा** सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी का सामान्य चुनाव 19 जनवरी 2025 को होगा। चुनाव का समय सवेरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। उसी दिन मतों की गणना होगी।

रिटर्निंग ऑफिसर ब्रह्म प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा चुनाव का शेडयूल जारी कर दिया गया है। 20 से 28 दिसंबर तक नामांकन पत्र भरें जाएंगे। नामांकन भरने का स्थान जिला सचिवालय के एसडीएम कार्यालय जो ग्राउंड फ्लोवर पर कमरा नंबर 1 है।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उमीदवार नॉमिनेशन फाइल



कर सकते हैं। 22 व 25 दिसंबर को अवकाश होने की स्थिति में नामांकन प्रकिया नहीं होगी। रिर्टनिंग अधिकारी ने बताया कि चुनाव का नोटिफिकेशन 18 दिसंबर 2024 को जारी हो चुका है। 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक चुनाव लडे वाले प्रत्याशियों द्वारा नामांकन फार्म भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की सूची 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक जारी की जाएगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 30 दिसंबर को किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नामांकन वापसी की तारीख 2 जनवरी निर्धारित है। 31 दिसंबर को छंटनी करने के बाद रिर्टनिंग अधिकारी नॉमिनेशन फार्म को चुनाव कार्यालय में जमा करवाएंगे। 2 जनवरी 2025 को नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। 2 जनवरी को 3 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही मतदाता सूची भी प्रकाशित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया की पानीपत के चुनाव के लिए वार्ड संख्या 23 निर्धारित है।

**निर्धारित**

**⏩ रिटर्निंग अधिकारी ने बताया की पानीपत के चुनाव के लिए वार्ड संख्या 23 निर्धारित है**

### एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जी टी रॉड पर स्थित आई बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत के संस्कृत विभाग की तरफ से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 19 दिसबर, 2024 दिन गुरुवार को किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय संस्कृत वांग्मय में राष्ट्र चिंतन रहेगा। संगोष्ठी ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड़ में चलेगी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पद्मश्री आचार्या सुकामा विश्ववारा कन्या गुरुकुल,रोहतक, सारस्वत अतिथि प्रो. (डॉ) सोमदेव शतांशु कुलपति अपेक्स विश्वविद्यालय जयपुर तथा बीज वक्ता पो सुधीर कुमार, प्रोफेसर जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय नई दिल्ली रहेंगे ।सत्राध्यक्ष डॉ विश्वेश कौशिक, एसोसीएट प्रोफेसर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर, उत्तराखंड एवं डॉ किरण मदान, एसोसीएट प्रोफेसर आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत रहेंगे। समापन सत्र के मुख्य वक्ता डॉ विजय भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अजलि, सहसंयोजिका डॉ किरण मदान व संरक्षक डॉ अजय कुमार गर्ग प्राचार्य आई. बी. स्नातकोतर महाविद्यालय, पानीपत रहेंगे। संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के कांफ्रेंस हाल में किया जाएगा।

## फैला उजियारा फाऊंडेशन ने फूल की मालाएं व बुके देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले व उपमंडलों में हर वर्ग के नागरिकों की समस्याओं का तत्काल निदान करने को लेकर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में बुधवार को जिला सचिवालय में दर्जनों गांवों के बुजर्गो, महिलाओं व युवाओं ने प्रख्यात सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्षा कुमारी रंजिता कौशिक के नेतृत्व में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक



लोकेंद्र सिंह व सभी विभागों के अधिकारियों का फूल की मालाएं पहनाकर बुके देकर व मिठाई खिलाकर समाधान शिविर में तत्परता से हो रहे गरीब व जरूरतमंदों की समस्याओं के निदान पर आभार प्रकट किया। बुजगों ने उपायुक्त की सारी टीम को आशीर्वाद दिया। युवाओं ने मंच पर उपायुक्त के पैर छुकर समाधान शिविर को लगातार जारी रखने का अनुरोध किया।

उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान तत्काल हो इससे हमें भी प्रार्थी की तरह खुशी व शांति का आभास होता है। नागरिकों का समस्याओं का समाधान करना उतना ही पुन्यः का कार्य है जितना की किसी पूजा स्थल में जाकर आराधना करना। उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने इस कार्य के लिए सचिवालय पहुंचे सभी बुजर्गो, वृद्ध महिलाओं का आभार जताया व सभी को आने वाले नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोगों को ग्रामीध क्षेत्रों में साफ सफाई करने व पानी का दोहन अचित मात्रा में करने का आहवान किया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के समाधान में और तेजी लाने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद की समस्या अधिकारियों की टेबल पर रूके अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा।

शिकायतकर्ता उषा शर्मा वासी लक्ष्मी नगर ने मकान के रास्ते में से अवैध कब्जा हटाने के लिए प्रार्थना की।

## छात्राओं के लिए धार्मिक व शैक्षिक भ्रमण का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**महंत प्रभात** पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रशासन द्वारा स्कूल के सभी बच्चों के लिए श्री मार्केंडश्वर महादेव मंदिर शाहाबाद के लिए एक धार्मिक व शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि शाहाबाद विधान सभा के भाजपा प्रत्याशी रहे सुभाष कलसाना व नगर पार्षद बलदेव राज चावला ने विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ व समस्त बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने सभी बच्चों को चाय ,समोसा बिस्किट आदि का नाश्ता भी करवाया। प्राचार्य ने श्री मार्केंडश्वर महादेव मंदिर



कमेटी, सुभाष कलसाना व बलदेव राज चावला का स्वागत व जलपान के लिए हार्दिक आभार जताया। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के चहुंमुखी विकास हेतू इस प्रकार के आयोजन होने चाहिएं। शिक्षा व शैक्षिक गतिविधियां बच्चों की मूलभूत आवश्यकता है। राठोर ने आगे कहा कि बच्चों ने मंदिर में भोले के दर्शन के पश्चात परिसर में स्थापित योगा यंत्र,खेल यंत्र, मनोरंजक सामान व रंग बिरंगे झूलों का खूब आनंद लिया।

### डकैती की वारदात में शामिल छठा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपतः** सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी मनीराम निवासी अलुपुर हाल विकास नगर, नसीब निवासी पिल्लू खेड़ा जीन्द, मनीष निवासी बिचपड़ी हिसार, सागर व विकास निवासी कालवा के साथ मिलकर डकैती की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने व वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के लिए पुलिस बुधवार को आरोपी रोहित को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**
हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में 'वार्षिक खेल प्रतियोगिता ' का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक द्वारा मशाल जलाकर की गई। इसके बाद सभी कक्षाओं ने सोशल मीडिया का सही व कम प्रयोग, बिजली बचाओ, वृक्ष बचाओ ,पानी बचाओ, पशु और पक्षियों को बचाओ,'स्वच्छ भारत ,सड़क सुरक्षा नियम, खेलो इंडिया, प्रदूषण से अपने आप को बचाओ आदि विषयों पर रैली' का नारों के साथ शानदार प्रदर्शन किया गया जिसने दर्शकों का



मनमोहन लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की दौड़ व डांस आकर्षण का केंद्र रही। रीले दौड़, खरगोश दौड़ ,मेंढक दौड़, बंदर दौड़ ,हर्डल रेस , ब्लून रेस ,रिंग दौड़,कोने एकत्रित दौड़, मटकी दौड़ ,200 मीटर की छात्र व छात्राओं की दौड़, वनलेग रेस,नर्सरी कक्षा की मेंढक दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया ।सभी कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया । जिसमें नर्सरी कक्षा से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार डांस प्रस्तुति दी । कबड्डी में बेस्ट कैचर का खिताब छात्र शुभम (कक्षा छठी ) व बेस्ट रेडर का खिताब छात्र अनुज (कक्षा छठी) को दिया गया जिनको स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा ने 500-500 रुपये का नगद इनाम देकर सम्मानित किया , बेस्ट रनर अप को भी 500 रुपये और विजेता कबड्डी टीम को 1100 रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया व बच्चों का उत्साह बढ़ाया।स्कूल प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने सभी विजेता प्रतियोगियों को को मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा ने स्कूल पहुंचे अभिभावकों का तह दिल से स्वागत किया और विद्यार्थियों की डांस प्रस्तुति की प्रशंसा की । स्कूल प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल और डांस से मनोरंजन के साथ-साथ हमारा शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है । इसलिए स्कूल में समय समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

## एयरोपोनिक टावर पर बिना मिट्टी के उगा सकते हैं फसल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः** पांच किलो टमाटर लगाने के लिए जितनी जगह होती है, उतनी ही जगह पर 100 किलो टमाटर लगाया जा सकता है। टमाटर ही नहीं, अन्य फसलों का भी कम जगह में बीस गुना अधिक उत्पादन किया जा सकता है। एयरोपोनिक टावर के माध्यम से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) के छात्र-छात्राओं ने यह संभव कर दिखाया है। एयरोपोनिक टावर में मिट्टी की जरूरत नहीं होती। छात्रों के इस प्रोजेक्ट को कोल्हापुर में नेशनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले में पहला पुरस्कार मिला है। एक लाख की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई है। सभी छात्र-छात्राओं का कॉलेज में




पहुंचने पर सम्मान और स्वागत किया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि बीटेक की टीम सोर्सर्स यानी जादूगर ने अपने नाम के अनुरूप ही प्रोजेक्ट बनाया है। हमारे पास जमीन सीमित है। इन छात्रों ने विकल्प देते हुए एक टावर बनाया है, जिस पर आप थोड़ी-थोड़ी ऊंचाई पर फसल लगा सकते हैं। खास बात ये है कि ये टावर आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, डाटा साइंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) पर काम करता है। यानी, पौधे को जब पानी की जरूरत होगी, उस समय ऑटोमेटिक उसे पानी मिल जाएगा। यहां तक की किसान को डाटा साइंस के माध्यम से पता चल जाएगा कि बाजार में किसकी ज्यादा मांग है। टावर से कई किलोमीटर दूर रहकर भी फसल पर नियंत्रण कर सकता है। फसल को कितना न्यूट्रीशियन चाहिए, सब ऑटोमेटिक पता चल जाएगा। टावर खुद ही काम कर लेगा। भविष्य की खेती में यह टावर क्रांतिकारी साबित हो सकता है। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि यह प्रोजेक्ट पाइट की आइडिया लैब में बनाया है। बीटेक के एकलव्य, उन्नति, वंश, अक्षित, अर्पिता, लविश व उज्जवल की टीम ने इस पर काम किया है। डॉ.अंजू गांधी एवं डॉ.सुनील ढुल ने इस प्रोजेक्ट में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। आइडिया लैब गुरु अंकुर व निखिल ने भी सहयोग किया। निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं एआइसीटीई ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुभारंभ किया था। पाइट की तीन टीमें देश के अलग-अलग राज्यों में पहुंची थीं। इसके अलावा हरियाणा में पाइट को नोडल सेंटर बनाया गया था।

**प्रयोग**

**⏩ धर्मेंद्र प्रधान ने शुभारंभ किया था। पाइट की तीन टीमें देश के अलग-अलग राज्यों में पहुंची थीं**

## नगर निगम शिविर में आयी 15 शिकायतें, 12 का हुआ समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नगर निगम अंबाला शहर में अनुभाग अधिकारी वह टैक्स सलाहकार की अध्यक्षता में समाधान शिवर लगाया गया जो की निरंतर जारी है। जिसका समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक सरकार की हिदायतों के अनुसार लगाया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता नगर निगम अनुभव अधिकारी द्वारा की गई इसमें 15 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें से 12 शिकायतो का समाधान करवाया गया। इस कैंप में टैक्स सलाहकार नगर निगम अंबाला शहर द्वारा शहर



वासियों की समस्याओं को सुना गया व अधिकारियों को समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने हेतु कहा गया। उनके द्वारा कहा गया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य अंबाला शहर के लोगों को प्रॉपर्टी आईडी जन्म प्रमाण पत्र विकास शुल्क नगर निगम से संबंधित कोई भी समस्या आ रही है। उन समस्याओं का समाधान करना है अंबाला शहर वासियों को सूचित किया जाता है कि आप इस कैंप में प्रत्येक कार्य दिवस में आकर अपनी नगर निगम से संबंधित कोई भी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस कैंप में टैक्स सलाहकार द्वारा कैंप में आ रहे लोगों की समस्याओं को सुना गया।

## न्यूज फ्लैश

### सांसद नवीन जिन्दल ने पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र के सांसद श्री नवीन जिन्दल ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमो और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला जी के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है।उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण प्रदेश और समाज की सेवा को समर्पित किया। हरियाणा और देश की राजनीति के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है।प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को यह कठिन समय सहने की शक्ति प्रदान करें।

### युवक को गोली मारने के दोषी को अदालत ने सुनाई दस साल कैद की सजा

सोनीपत

**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव मल्हा-माजरा में कहासुनी की रंजिश रखते हुए गोली मारकर युवक को घायल करने के आरोपित को अदालत में दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बसवाना की अदालत ने दोषी को दस साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़ित को देने के आदेश किए गए है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव मल्हा माजरा निवासी सुमेर सिंह ने 11 मई, 2017 को पुलिस से बताया था कि वह दो भाई है। उससे छोटा भाई मदन (21) है। सुमेर ने बताया था कि वह सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। उनके भाई मदन ने बताया था कि तीन माह पहले उनकी गांव के ही कुलदीप उर्फ कलवा से कहासुनी हो गई थी। जिसकी कुलदीप रंजिश रखने लगा था। 11 मई, 2017 को उनकी मां ने सूचना दी कि मदन को गोली मार दी है। जिस पर वह अपने भाई के पास अस्पताल में गए थे। वहां पर भाई ने बताया था कि वह सड़क पर दुकान के सामने खड़े थे। तभी कार में आए अपने साथी कृष्ण के साथ आए कुलदीप ने उन्हें गोली मार दी थी। जिसके बाद वह भाग गए थे। मदन को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मदन ने बताया था कि कुलदीप का भाई उनकी रेकी करता था। जिसके बाद गोली मारी गई थी। पुलिस ने तीन पर मुकदमा दर्ज किया था। बाद में मामले एक अन्य आरोपित को पकड़ा गया था। पुलिस ने कुलदीप से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे सरताज बसवाना ने आरोपित कुलदीप को दोषी करार दिया। अन्य को बरी कर दिया गया। अदालत ने हत्या की कोशिश व अवैध शस्त्र अधिनियम में दोषी कुलदीप को दस साल कैद व 60 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को 15 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### युवती को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम लाखों ठगने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम एक युवती से लाखों की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान जगतार सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी म्योंद कलां के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना जाखल प्रभारी जसवंत ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 7 नवंबर को गांव मामूपुर निवासी युवती शाह रोशनी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पड़ोसी मदन लाल पुत्र तीनीराम ने उससे कहा कि वह उसे रेलवे में सरकारी नौकरी लगवा सकता है।

# वेदान्त में भारत की अनेक समस्याओं का समाधान संभव है - डा. श्रीप्रकाश

## वेदान्त को आधुनिक आवश्यकताओं एवं मूल्यों से जोड़ा जाय तो भारत की अनेक समस्याओं का समाधान संभव

**शिक्षा प्रणाली**

**विवेकानन्द ऐसी शिक्षा प्रणाली को उपयुक्त मानते थे जो व्यक्ति को जीवन में आने वाले संघर्ष के लिए तैयार कर सके**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** स्वामी विवेकानन्द ऐसी शिक्षा प्रणाली को उपयुक्त मानते थे जो व्यक्ति को जीवन में आने वाले संघर्ष के लिए तैयार कर सके। उसे इस योग्य बनाये कि भविष्य की चुनौतियों का डटकर सामना कर सके। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति को स्वावलंबी बनाया, उसमें आत्मविश्वास की भावना का विकास कर सके। यह विचार सरस्वती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जरी, कसोल, भुंतर, कुल्लू द्वारा स्वामी विवेकानंद के सपनो का भारत एवं वर्तमान शिक्षा व्यवस्था विषय पर आयोजित एक व्याख्यान कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संगीतमय सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय परिसर पहुंचने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. श्रीप्रकाश मिश्र का विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया।डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने सरस्वती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कुछ विशिष्ट मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए डा.श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा स्वामी विवेकानंद ने अपने व्याख्यानों एवं चिन्तन से यह सिद्ध किया कि यदि वेदान्त को आधुनिक आवश्यकताओं एवं मूल्यों से जोड़ा जाय तो भारत की अनेक समस्याओं का समाधान संभव है। स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा संबंधी सिद्धांत में प्रमुख रूप से माना था कि विद्यार्थी को व्यवहारिक प्रशिक्षण देना चाहिए। छात्र सर्वांगीण विकास कर सके ऐसी शिक्षा होनी चाहिए। स्वामी जी का मानना था कि छात्र को कोई सिखा नहीं सकता, वह स्वयं हो सीखता है। ज्ञान तो व्यक्ति में पहले से ही है, केवल उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता होती है। छात्रों के साथ-साथ छात्राओं की शिक्षा पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। देश के औद्योगिक विकास के लिए तकनीकी शिक्षा अवश्य दी जानी चाहिए।स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा के प्रमुख उद्देश्यों में अन्तःकरण का विकास ,आध्यात्मिकता का विकास , नैतिकता का विकास,शारीरिक विकास एवं शुद्धता तथा ज्ञानेन्द्रियों के प्रशिक्षण को माना था तथा शिक्षण पद्धति में मातृभाषा, शिक्षण में एकाग्रता, प्रेम और सहानुभूति, छात्रों के मनोभावों एवं रुचियों तथा स्वानुभव द्वारा सीखने पर बल दिया। स्वामी जी शिक्षा में शिक्षक की भूमिका को अति महत्वपूर्ण मानते थे। विद्यार्थियों को भी प्राचीन सनातन संस्कृति के अनुसार शिक्षकों का उच्चतर दर्जा और उनके प्रति आदर एवं सम्मान के भाव को पुनर्जीवित करना होगा तभी राष्ट्र विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकेगा तथा भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हो सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरस्वती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन, समाजसेवी एवं शिक्षाविद सुशील कुमार ने कहा भारतीय ज्ञान परम्परा और सनातन संस्कृति की शिक्षा ही ही आज के विद्यार्थियों का समग्र विकास होगा।

## भाजपा का इतिहास ही संविधान विरोधी रहा है: लाली



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** इन बड़बोले और अहंकारी सत्ताधारियों को यह आभास नहीं है कि वो अगर सत्ता के इन संवैधानिक बड़े पदों पर हैं तो वह भगवान की नहीं बल्कि बाबासाहेब अम्बेडकर के संविधान की देन है। डॉ. भीमराव आंबेडकर संविधान निर्माताहैं। वो देश को दिशा देने वाले महामानव हैं। इस देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के लिए उन्होंने जो काम किया है, वो काम भगवान ही करता है। बाबा साहेब का अपमान देश नहीं सहेगा।बाबा साहेब अंबेडकर जी का नाम लेकर मजाक उड़ाना, अपमान करना भाजपा के नफरती डीएनए को दशार्ता है, वैसे भी संविधान विरोधी, दलित विरोधी और आरक्षण विरोधी लोगों को एक दलित द्वारा लिखा गया संविधान कैसे पसंद आएगा? वे तो अंबेडकर का नाम लेने से भी विचलित हो जाते हैं। लेकिन इन मनुवादियों की ये नफरत अकेले बाबा साहेब के लिए नहीं है बल्कि पूरे दलित समाज के खिलाफ है। ये पूर्वाग्रह दलित अधिकारों के खिलाफ है।उक्त शब्द राहुल गांधी युवा ब्रिगेड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष लाली शर्मा टटियाना ने प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कहे। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई भाजपा और कांग्रेस की नहीं है बल्कि बाबा साहब के मान - सम्मान और वंचितों और पिछड़ों के स्वाभिमान की लड़ाई है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने हमें स्वर्ग नहीं बल्कि उससे बढ़कर सम्मान से सिर उठाकर जीवन जीने का अधिकार दिया है, इस देश के 90 फीसदी लोगों को उनके अधिकारों और आत्मसम्मान के लिए आवाज दी है। देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिए गए बयान की 'आजकल अंबेडकर, अंबेडकर करना अब एक फैशन हो गया है, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता' पर देशभर में उठे बवाल पर बोलते हुए कांग्रेस नेत्ता ने कहा कि यह अहंकार भरी अपमानित टिप्पणी उनकी है जिन्हें संविधान पसंद नहीं है।

## ट्रक-कार की टक्कर से कार सवार महिला की मौत

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में केएमपी के जीरो प्वाइंट के पास ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रही कार उससे टकरा गई। हादसे में कार सवार महिला सहित अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां राजबाला नाम की महिला की मौत हो गई। जबकि हादसे में घायल अन्य को उपचार के बाद घर भेज दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव महलाना निवासी रमेश ने बताया कि वह जिला कोर्ट में मुंशी के तौर पर कार्यरत है। वह अपनी पत्नी सोनिया, मां मूर्ति, मौसी पूनम और राजबाला के साथ किसी काम से दिल्ली की ओर जा रहा था। जब उनकी कार केएमपी के जीरो प्वाइंट के पहुंची तो आगे चल रहे एक ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते उसकी कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे हिस्से से टकरा गई। हादसे में वह सभी घायल हो गए। उनकी मौसी राजबाला को ज्यादा चोट आई। उपचार के लिए उन्हें राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने राजबाला को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 520वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**महादान**

**प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान न केवल पुण्य का कार्य है अपितु स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है। ये शब्द राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जगमोहन ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए कहे। वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 520 वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि रहे। 173 बार रक्तदान के साथ 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समाजसेवी रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा करने वाले युवाओं को नशे की सुई नहीं अपितु रक्तदान की सुई लगवानी चाहिए ताकि अपना स्वास्थ्य लाभ हो और अन्य लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सके। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अहिक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर के संचालन में अनुदेशक रोबिन का विशेष योगदान रहा। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष प्रभारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में डॉ. रूपल, करनैल, सुमित आदि ने 62 रक्तदान के लिए इच्छुक लोगों का पंजीकरण किया लेकिन स्वास्थ्य दृष्टि से 42 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में पुलिस के राजेश कुमार, राजेश, बलराज, नीरज, सुनील कुमार, रोहित, शीशपाल, जयकिशन, कपिल देव, विकास सहित 42 ने किया रक्तदान।

## खाटू की गलियों में मेरे श्याम का बसेरा है..पर झूमे श्यामप्रेमी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**सांवरी सूरत**

**श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक कुशाल वर्मा परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया**



**कुरुक्षेत्र :** श्याम जगत की अग्रणी संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा मतीसा हाउस थानेसर में 539वां श्री श्याम ताली संकीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक कुशाल वर्मा परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस संकीर्तन में श्याम प्रेमियों ने भजनों के साथ-साथ ताली बजाते हुए हाजिरी लगाई। कार्यक्रम में गायक गौरव शान ने मधुर भजनों से समां बांधा। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है,जगह-जगह श्याम जी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। खाटू की गलियों में मेरे श्याम का बसेरा है......, फाल्गुन आयो रे चलो श्याम के द्वारे....., कीर्तन की है रात बाबा, आज थान्ने आणों है ....., लो आ गया अब तो श्याम मैं शरण में तुम्हारी......, सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया......, और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती में रामकुमार वर्मा,मुनीश मित्तल,अनिल मित्तल,मनोज गुप्ता,योगेन्द्र अग्रवाल,मोहित तायल,बुद्धिप्रकाश वर्मा,आदित्य,विवेक,रवि राजन,धर्मेंद्र शर्मा,विपिन चौहान,राजन अरोड़ा,योगेश वर्मा,कविता गोयल व सोनिया गुप्ता सहित अन्य श्यामप्रेमी शामिल रहे।

## मुरलीधर मे मनाया पोषण माह दिसम्बर

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे पोषण माह के रूप मे मनाया गया जिसमे विभिन्न गतिविधियां विद्यालय मे हुई। प्रातः प्रार्थना सभा मे छात्रों द्वारा पौष्टिक, संतुलित, हरी सब्जियां भोजन मे खाने की व जंक फूड को त्यागने की शपथ ली गई व लोगों को भी जागरूकता का प्रसार करने को कहा गया। विद्यालय की डॉ ममता शर्मा ने अनीमिया मुक्त भारत पर भाषण दिया व छात्रों को आयरन की कमी के कारण होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे व अनीमिया के लक्षणों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। सरकार द्वारा अनीमिया मुक्त भारत अभियान के बारे मे भी जानकारी दी। विद्यालय के जीव विज्ञान के अध्यापक श्री पराग रेलन द्वारा छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई। हाथ धोने की क्रिया को अध्यापिका श्रीमती श्वेता द्वारा छात्रों को पूरी तरह बताया गया व पूरी विधि छात्रों को समझाई कि किस तरह उन्हें अपने हाथो को धोना है व गंदे हाथो द्वारा होने वाले संक्रमणों से कैसे बचा जा सकता है। अध्यापिका द्वारा हाथ धोने के स्टेप्स बताने के बाद छात्रों ने पूरी विधि से हाथ धोये। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने छात्रों को पोषण माह के बारे मे जानकारी देते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन खाने व जंक फूड को त्यागने के लिए प्रेरित किया व कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मन का निवास होता है और आज के छात्र कल के भविष्य है इसीलिए छात्रों का स्वस्थ रहना आवश्यक है।

## अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: एसएजी** यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विकास उर्फ विक्की निवासी नांगल कलां कुंडली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिपाही धर्मेंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान रसोई गांव के बस अड्डा जीटी रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें अवैध हथियार सहित युवक के होने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया।

## ब्लांड मर्डर करने का आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




**शिकंजा**

**डॉग स्काड टीम को मौका पर बुलाकर जांच की गई। नाश का एलएनजेपी हस्पताल मे पोस्टमार्टम करवाया**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस टीम ने ब्लांड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए हत्यारोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के दिशा निर्देश में काम करते हुए अपराध अण्वेषण शाखा-2 की टीम ने ब्लांड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए हत्यारोपी करने के आरोपी कुलविन्द्र सिंह उर्फ मंदीप उर्फ शिल्ला पुत्र जसविन्द्र सिंह वासी दबखेडी को किया गिरफतार करने में सफलता हासिल की है ।जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 12 दिसम्बर को पुलिस को दिये अपनी शिकायत मे रिंकु पुत्र कालू राम वासी शोरगिर बस्ती, इन्द्रा कालोनी जिला कुरूक्षेत्र ने बताया कि वह 15 वर्ष से रेलवे रोड कुरुक्षेत्र रुद्रा सिनेमा के सामने रेहडी लगाता है। दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को वह बाथरूम करने के लिए रेहडी के पीछे खाली प्लाट में गया तो उसने देखा कि एक नामपता नामालूम व्यक्ति खून से लथपथ पडा हुआ था। जिसके गले व शरीर पर तेजधार व नुकीले हथियार के निशान थे तथा उसके शरीर के आस-पास खून जमीन पर बिखरा हुआ है। जिस पर उसने प्लाट के पास काम कर रहे मजदूर को बतलाया और पुलिस को सूचना दी । सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची। पुलिस टीम द्वारा एफएसएल तथा डॉग स्काड टीम को मौका पर बुलाकर जांच की गई। नाश का एलएनजेपी हस्पताल मे पोस्टमार्टम करवाया गया तथा उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। जिस सूचना पर थाना कृष्णा गेट मे हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच अपराध अण्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई।

## नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पानी की हो रही टिप-टिप

टीम एक्शन इडिया

**हाल-ए**

**नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पानी के टपकने की समस्या नई नहीं है, लंबे समय से बनी है**

**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल सोनीपत में प्रबंधन की लापरवाही के चलते आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक व कक्ष में आने वाले मरीजों को उठाना पड़ रहा है। कक्ष में एक मात्र बेड के लघु आप्रेशन कक्ष में छत से कई दिनों से पानी टपक रहा है। कक्ष में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों को पानी टपकने की समस्या से निजात पाने के लिए कई बार प्रबंधन को अवगत करवाया। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द इमारत की छत से टपक रहे पानी को रोकने के लिए कदम उठाने की बात कही जा रही है। पानी टपकने से अस्पताल की इमारत जर्जर होती जा रही है। वहीं पानी की वजह से बिजली की तारों सहित अन्य उपकरणों में करंट तक आने लगा है। जिसके चलते कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने पर मजबूर है। अस्पताल में आज कायाकल्प की टीम का भी दौरा बताया जा रहा है। बता दें जिले का नागरिक अस्पताल 200 बेड की सुविधा है। अस्पताल की ईमारत काफी जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते कई हिस्सों में पानी टपकने व सीलन की समस्या का सामान प्रबंधन को करना पड़ रहा है। मरीजों के उपचार करने वाले अस्पताल को खुद के उपचार की आवश्यता है। अस्पताल का आपातकालीन कक्ष खुद बीमार पड़ा हुआ हैं। उसकी छत कई दिनों से टपक रही है। कक्ष में विभाग के आदेश पर तैयार किए मात्र एक बेड लघु आर्प्रेशन कक्ष की हालत बेहद खराब है। बेड पर भर्ती मर्जी को अपने उपचार के साथ-साथ छत से टपकने वाले पानी का ध्यान रखना पड़ रहा है। दिन-रात कक्ष से टपकने वाले पानी ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों की नींद उड़ा रखी है। मामला संज्ञान में आने के बाद भी प्रबंधन की तरफ से किसी प्रकार के ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है।

**लाखों रुपये कीमत की मशीन है रखी, इमारत जर्जर हालत में पहुंची**

नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पानी के टपकने की समस्या नई नहीं है। कक्ष में दिन-रात पानी टपकता रहता है। कक्ष में महज एक ही लघु ऑपरेशन कक्ष बनाया हुआ है। जिसमें एक बेड आपातकालीन स्थिति में आने वाले मरीज के लिए रखा हुआ है। उसी बेड पर पानी टपकने से मरीज को उपचार के साथ-साथ पानी टपकने की समस्या से जूझाना पड़ता है। कक्ष में लाखों रुपये कीमत की मशीनों सहित जरूरी दवाइयां रखी रहती है। अगर गलती से मशीनों पर पानी गिरा तो मशीनें खराब होने का भय बना रहता है।

**कक्ष में बिजली के उपकरण चलाते समय लगने का डर-**

अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में महत्वपूर्ण व जरूरी उपकरण होते है। आपात स्थिति में कर्मचारी व चिकित्सक को बिजली के उपकरणों की मदद उपचार के लिए होती है। कक्ष में छत व दीवार से आ रहे पानी की वजह से बिजली की लाइन में करंट तक आने लगा है। कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मशीन का कनेक्शन बिजली के उपकरण में लगाते समय करंट लग चुका है। दीवार गीली होने के कारण उसे हाथ लगाते है, तो उसमें करंट महसूस हो रहा है। ऐसे में पानी की टपकने की समस्या कर्मचारी व कक्ष में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए परेशानी बन सकती है। समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाया गया तो बड़ा हादसा होने का डर सता रहा है।

अस्पताल का भवन काफी पुराना हो चुका है। जिसको लेकर समय-समय पर जरूरी काम करवाएं जाते है।

## दुकानदार से नकदी छीनने की आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस

टीम एक्शन इंडिया

**जांच जारी**

**बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने युवक के साथ क्षेत्र की दुकानों में लगे सीसीटीवी को खंगाला**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के ओल्ड डीसी रोड स्थित मसद मोहल्ला में एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर नकदी जमा कर रहे रेडीमेड गारमेंट्स दुकानदार से नकदी छीनने वाले युवक की तलाश को पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए है। पुलिस ने युवक का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले। जिसमें युवक भागता दिख रहा है। पुलिस ने उसकी पहचान का प्रयास शुरू कर दिया है। रेलवे रोड स्थित न्यू कॉलोनी निवासी गौरव ने बताया कि वह अपने पिता बलदेव के साथ कच्चे क्वार्टर मार्केट में नाइस मेन्स वियर के नाम से रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान चलाते हैं। वह बुधवार रात करीब नौ बजे 52 हजार रुपये लेकर ओल्ड डीसी रोड पर स्थित एटीएम बूथ पर जमा कराने गए थे। उन्हें राशि थोक विक्रेता पंजाब के लुधियाना निवासी सोनू चोपड़ा के खाते में जमा करानी थी। जब वह एटीएम बूथ के अंदर मशीन में नकदी जमा कर रहे थे तो एक युवक आया था। युवक उनकी आंखों में लाल मिर्च पाउडर डालकर उनसे 26 हजार रुपये छीन ले गया था। बाकी 26 हजार रुपये उनके पास रह गए थे। उन्होंने आंखों में मिर्च पाउडर डालने के बाद भी युवक को बाकी रुपये नहीं छीनने दिए थे। जिसके चलते राशि बच गई थी। पुलिस ने मामले में नकदी छीनने का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने युवक के साथ क्षेत्र की दुकानों में लगे सीसीटीवी को खंगाला। इनमें नकदी छीनने वाला संदिग्ध युवक भागता दिखाई दे रहा है।

# प्राकृतिक और जैविक खेती के अन्तर को समझना जरूरी : आचार्य देवव्रत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** किसानों को प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के बीच अन्तर को समझना बेहद जरूरी है, कई किसान बन्धु प्राकृतिक खेती को भी जैविक/ऑर्गेनिक खेती मानकर इसे अपनाने में संकोच करते है जबकि यह जैविक खेती से बिल्कुल अलग और किसानों के लिए लाभप्रद है। उक्त शब्द आज गुरुकुल में आयोजित किसान चौपाल चर्चा में आए किसानों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने कहे। देश के बड़े मीडिया संस्थान द्वारा कराये गये इस भव्य कार्यक्रम में हरियाणा के कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा, विख्यात कृषि



वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. हरिओम, डॉ. बलजीत सहारण सहित प्राकृतिक खेती के विस्तार हेतु कार्यरत आईसीएआर के कई कृषि विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि देश में पिछले 40 वर्षों से जैविक खेती का प्रचार किया जा रहा है मगर आज तक कोई भी जैविक खेती का प्रभावी मॉडल नहीं बन पाया, इसके पीछे कारण कई हैं -जिस केंचुए द्वारा जैविक खाद बनाई जाती है वह विदेशी है और केवल गोबर खाता है, हैवी मेटल छोड़ता है। इसके अलावा जैविक खेती में खर्चा बहुत अधिक है और उत्पादन कम, जिस कारण यह खेती लोकप्रिय नहीं हुई।

**जागरूक किया**

**उत्पादन पूरा, साथ ही किसान को प्राकृतिक उत्पाद का मूल्य भी डेढ़-दोगुणा मिलता है**

इसके विपरीत प्राकृतिक खेती में लागत बहुत कम है और उत्पादन पूरा, साथ ही किसान को प्राकृतिक उत्पाद का मूल्य भी डेढ़-दोगुणा मिलता है। प्राकृतिक खेती में किसान केवल एक देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से 30 एकड़ भूमि पर खेती कर सकता है। किसान को बाजार से कोई खाद, कीटनाशक आदि खरीदने जरूरत ही नहीं पड़ती। राज्यपालश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में प्राकृतिक खेती का प्रचार-प्रसार जारी है और बड़ी संख्या में किसान प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं।

गुजरात में 9 लाख से ज्यादा किसान प्राकृतिक खेती कर रहे है और आगामी दो वर्षों में यह आंकड़ा दोगुणा हो जाएगा। हरियाणा के कृषिमंत्री श्याम सिंह राणा ने भी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। मंत्री महोदय ने हरियाणा में प्राकृतिक खेती हेतु देशी गाय पालने वाले किसान को 30 हजार रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा की।

# शहर का विश्राम गृह परिसर बना अवैध वाहन पार्किंग का अड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** के रेलवे रोड स्थित विश्रामगृह का परिसर अवैध वाहन पार्किंग का अड्डा बनाकर रह गया है। परिसर में सुबह से लेकर शाम तक अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग रहती है। विश्राम गृह व पीडब्ल्यूडी कार्यालय में आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में विभाग के अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है। हालांकि कई बार परिसर से दो-पहिया वाहन चोरी होने की वारदात सामने आ चुकी है। बता दें कि वीआईपी गेस्ट व मंत्रियों के विश्राम के लिए रेलवे रोड पर गेस्ट हाउस की स्थापना की थी। हाल के दिनों में विश्रामगृह में दो-पहिया वाहन चालक सहित चार पहिया वाहन चालक अपने वाहनों को अवैध

**अवैध**

**चालक सहित चार पहिया वाहन चालक अपने वाहनों को अवैध रूप से परिसर में खड़ा कर है**

रूप से परिसर में खड़ कर है। इस संबंध में कर्मचारियों की तरफ से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है, लेकिन कोई ठोस कदम उठाने का काम नहीं किया जा रहा है। परिसर में प्रशासनिक व्यवस्था संभाल रहे कर्मचारियों की तरफ से दीवारों पर नो पार्किंग के पोस्टर तक लगा रखे है, लेकिन उसके बावजूद लोग अपने वाहनों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे है।

**अधिकारी बजाते रहते है गाड़ी का हॉर्न, नहीं मिलता रास्ता :** शहर के विश्राम गृह के साथ लगता पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभाग के कार्यालय है।

जहां पर आने वाले अधिकारियों को अवैध पार्किंग का सामना करना पड़ता है। वाहन चालक सुबह दीवार के साथ अपने वाहनों को खड़ा कर देते है। उसके बाद सड़क मार्ग के दूसरी साइड में कारों की पार्किंग हो जाती है। विश्रामगृह के आसपास के क्षेत्र में दुकानदार, बैंक में नौकरी करने वाले लोग अपने वाहनों को विश्रामगृह परिसर में खड़ा कर देते है। रेल में सवार होकर दिल्ली व पानीपत की तरफ जाने वाले कर्मचारियों के वाहन भी परिसर में कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते खड़े रहते है।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर मंत्री रणबीर गंगवा ने किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन का समाचार सुनकर बेहद दुख हुआ। उन्होंने कहा कि श्री ओमप्रकाश चौटाला प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उनके निधन से देश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है। उन्होंने अपनी ओर से श्रद्धांजलि व्यक्त की और कहा कि उनके जाने से एक बड़ी क्षति हुई है।

### यूथ आइकॉन के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार विभिन्न क्षेत्रों जैसे-खेल, कला, संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान तकनीकी, संचार एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण तथा स्वच्छता आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने युवाओं का चयन किया जाना है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के 15 से 29 वर्ष की आयु के 15 युवाओं का बतौर यूथ आइकॉन चयन किया जाएगा। चयनित यूथ आइकॉन दिल्ली में 11 व 12 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार 25 दिसंबर 2024 को सायं 4 बजे तक विभागीय मेल आईडी एसडीआईटीडॉटयूथब्रांचऐटदारेटजीमेलडॉटकॉम पर आवेदन भेज सकते हैं। निर्धारित समयावधि उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र एवं नियम व शर्तें विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटआईओटाईहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन से डाउनलोड की जा सकती है।

### धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए 6 जनवरी तक करें आवेदन: डीआरओ

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा की ओर से धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला के पात्र कलाकार 6 जनवरी 2025 तक धनपत सिंह सांगी स्मृति पुरस्कार के लिए ई-मेल या डाक के माध्यम से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले और अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। डीआईपीआरओ डॉक्टर सुनील बसताडा ने विभाग की ओर से मांगे गए आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया कि चयनित कलाकार को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन आगामी 6 जनवरी 2025 तक एससीओ नंबर 200-201 सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ या डीआईपीआरफील्डएटदारटेजीमेलडॉटकाम पर ईमेल के माध्यम से विभाग को भेजे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास सांगियों की रचनाओं के मंच निर्देशन के लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। साथ ही आवेदक हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थी ने सांगों का निर्देशन हरियाणा की संस्कृति की मयार्दा के अनुरूप किया हो। श्रेष्ठ निर्देशक अपने सहयोगी कलात्मक निर्देशक, संगीत निर्देशक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर प्रकाश एवं ध्वनि इत्यादि तकनीकी स्टाफ के साथ तालमेल बनाने में दक्ष होना चाहिए। प्रार्थी की आयु 35 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए और प्रार्थी का सांगों के मंच संचालन में प्रतिष्ठित होना भी जरूरी है।

डीआईपीआरओ डॉक्टर सुनील बसताडा ने कहा कि प्रार्थी को सांग की रचनाओं के आधार पर स्क्रिप्ट तैयार करने अभिनय की बारीकियों और संगीत की जानकारी होना जरूरी है। प्रार्थी द्वारा सालाना कम से कम 10 सालों का निर्देशन एवं मंचन किया हो। चयनित किए जाने वाले व्यक्ति पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होना चाहिए और निर्देशित किए गए सांग शिक्षाप्रद व सामाजिक सरोकार से जुड़े होने चाहिए। अनिवार्य योग्यताओं के अनुरूप प्राप्त आयोजनों की छंटनी के बाद सांगियों को अपने पूरे दल के साथ विभाग द्वारा निर्धारित स्थान पर सांग महोत्सव में प्रस्तुति देनी होगी, जिसके आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा पात्र सांगी का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी होगी और चयन कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा। आवेदन के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में सभी जानकारी दर्ज कर दस्तावेजों के साथ भेजना जरूरी है।

# सेंट जोसेफ स्कूल में मची क्रिसमस डे की धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में क्रिसमस डे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया और स्कूल प्रांगण को क्रिसमस थीम से सजाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय मुख्य अतिथि उप जिला मैजिस्ट्रेट दर्शन कुमार, डायरेक्टर किरण बनर्जी व अन्य मुख्य अतिथियों द्वारा व द्वीप प्रज्वलित करके किया गया इसके पश्चात छात्रों द्वारा सुस्वागतम् गायन वंदना और के.जी. विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा यीशु मसीह के जन्म संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके अलावा वेस्टर्न डांस, क्रिसमस कैरल्स, हिंदी नाटिका



सहित कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो बहुत ही आकर्षक और दिल को छू लेने वाले थे।

मुख्य अतिथि उप जिला मैजिस्ट्रेट दर्शन कुमार ,डायरेक्टर मैम किरण बैनर्जी ,डिप्टी डायरेक्टर मैंम आशिमा किरण बैनर्जी ,प्रिंसिपल महोदया भावना छिब्बर ने विद्यार्थियों के अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की तथा कहा कि हमें बच्चों को हर

**लघु नाटिका**

**के.जी. विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा यीशु मसीह के जन्म संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई**

त्यौहार को इतनी ही लगन और उत्साह से मनाना चाहिए।

डायरेक्टर मैम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को हर धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रखना चाहिए क्योंकि हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई होने से पहले हम सब इंसान हैं और उस एक परमपिता परमेश्वर की संतान है।

# पांच बच्चों की मां गहने लेकर हुई फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एक युवक और महिला के संदिग्ध हालातों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला पांच बच्चों की मां बताई जा रही है और रिश्ते में युवक की दादी लगती है। महिला के घरवालों का आरोप है कि युवक उनकी पुत्रवधू को लेकर फरार हो गया है। वहीं युवक के परिजनों का कहना है कि उन्हें अपने बेटे का कोई पता नहीं है। महिला के घर से 7-8 लाख रुपए के सोने और चांदी के गहने भी गायब हैं। दोनों परिवारों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। युवक पक्ष ने आरोप लगाया है कि महिला के परिवार ने उनके साथ मारपीट की, जिससे चलते पुलिस ने उन्हें घर आकर बचाया। उसके बाद से ही परिवार अपने रिश्तेदारों के घर पर रह रहा है।

युवक करीब तीन महीने पहले 11 सितंबर को दुबई जाने की बात कहकर घर से निकला था। वहींए महिला 29 अक्टूबर को दिवाली के दिन पहली बार घर से गायब हुई, लेकिन 31 तारीख तक घरवालों ने उसे खोज लिया। इसके बाद 11 नवंबर को महिला फिर से लापता हो गई। महिला के लापता होने के बाद से ही युवक का भी कोई सुराग नहीं मिला है।

# कनाडा भेजने के नाम पर रिश्तेदार ने 23 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा निसिंग थाना क्षेत्र से विदेश भेजने के नाम पर एक महिला से 23 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी दंपति ने उसे कनाडा भेजने का झांसा दिया। पीड़िता ने अपनी जमीन बेचकर विदेश जाने के लिए पैसे जुटाए थे। पैसे लेने के बाद आरोपी काफी समय तक टालमटोल करते रहे और अंत में फर्जी वीजा थमा दिया। जब उसे फर्जी वीजा के बारे में पता चला तो उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे, जिसमें से उसने 9 लाख रुपये दे दिए और बाकी देने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव गोंदर निवासी पीड़िता सर्वित ने बताया कि उनकी सास की छोटी बहन का बेटा अभिषेक और उसकी पत्नी मीना अक्सर उनके घर आते-जाते थे। अभिषेक ने दावा किया कि वह विदेश भेजने का काम करता है और अगर कोई कनाडा जाना चाहता है तो वह पूरी गारंटी के साथ भेज सकता है।

सर्वित ने इस संबंध में अपने भाई राजन को कनाडा भेजने के लिए बात की। अभिषेक ने कनाडा भेजने का खर्च 23 लाख रुपए

# थानेसर हल्के के मुंडाखेड़ा और इंदबड़ी में आयोजित हुए नवीन संकल्प शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र थानेसर हल्के के गांव मुंडाखेड़ा और इंदबड़ी में नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन किये गये। इन नवीन संकल्प शिविरों में दोनों गांव के लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन नवीन संकल्प शिविरों में 126 लोगों को परामर्श और दवाईयां दी गई जबकि 17 लोगों के टेस्ट किए गये हैं। दोनों गांवों के शिविरों





में 44 लोगों को कागजात व नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधी कार्यों को पूरा किया गया। उन्होंने बताया कि इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए हर प्रकार के लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन संकल्प शिविरों में लोगों के पेंशन, आधार संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाता है।

# सेवानिवृत पुलिसकर्मी ने गोली मार की आत्महत्या

**जींद।** सफीदों की सीता श्याम कॉलोनी में हरियाणा पुलिस से रिटायर्ड एक सब इंस्पेक्टर ने शुक्रवार को खुद को गोली मार ली। सब इंस्पेक्टर धर्म सिंह ने गोली मारने से पहले पुलिस के किसी उच्च अधिकारी से फोन करके गुड बाय कहा, इसके बाद जैसे ही सफीदों सिटी थाना की पुलिस पार्षद नवीन भाटिया से जानकारी लेकर उसके मकान पर पहुंची, पुलिस गेट खुला ही रही थी कि तभी मकान से दो फायरिंग होने की आवाज आई। जैसे ही सिटी थाना के पीएसआई कुलदीप अपनी टीम के साथ मकान में गए तो धर्म सिंह (77)खून से लथपथ फर्श पर पड़ा था। जिसको तुरंत गाड़ी मंगवाकर सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया।

# समाज सेवा जुडकर प्रगति में सहयोग करना: राकेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

उपायुक्त एंव जिला रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व डॉ0 मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा, राज्य शाखा, चण्डीगढ़ से प्राप्त निदेर्शानुसार 24 दिसंबर तक जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पी.एम. राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन के प्रांगण में किया जा रहा है। इस शिविर के उद्घाटन सामारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। शिविर की शुरूआत रेडक्रॉस का झंडा फहराकर तथा रिबन

**शिविर**

**24 दिसंबर तक जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा**

काटकर व द्वीप प्रज्वलित के साथ की गई। इस अवसर पर अतिथिगण द्वारा रैडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना जी को पुष्प अर्पित किये गये। इस अवसर पर कुसुम बंसल प्रिंसिपल पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन पानीपत विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। मुख्य अतिथि का स्वागत गौरव राम करण, सचिव, जिला रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत व हरमेश चन्द, शिविर निदेशक एंव विभिन्न स्कूलों से आये जूनियर रैडक्रास कांउसलरस ने पुष्पगुच्छ देकर व फूल मालाओं से किया।

सचिव ने बताया कि भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा राज्य शाखा के सौजन्य से व शिक्षा विभाग, पानीपत के सहयोग से जिला स्तरीय जूनियर रैडक्रास (विधार्थियों) के पांच दिवसीस शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग जिला पानीपत के सभी ब्लॉकों के 16 स्कूलों से 100 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। जिसमें रेडक्रॉस काउंसलर और जीआईसी के विद्यार्थी शामिल है शिविर का उदेश्य स्कलों में जूनियर रैडक्रास की गतिविधियों को बढ़ावा देना है विद्यार्थियों को रैडक्रास की जनकल्याणकारी गतिविधियों से जोड ?ा है। रैडक्रास सदैव समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रही है और किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय प्रत्येक जरूरमंद व्यक्ति के साथ खड़ी है।

जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए कहा कि रैडक्रास सोसाईटी की स्थापना सर जीन हैनरी डूयना ने की थी। रैडक्रास द्वारा किये गये समाज सेवा के कार्यो के मध्येनजर संस्था को तीन बार नोबल पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। आप सभी बहुत ही सौभाग्यशाली है।

# महिला डेढ़ लाख की नकदी और गहने लेकर हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एक महिला लापता हो गई। महिला अपने साथ 1.5 लाख रुपए नकद और सोने के गहने भी ले गई है। पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना मुनक थाना के गांव की है। पीड़ित पति मतलौडा के एक कॉलेज में कोर्स कर रहे हैं और होस्टल में रहते हैं। 18 दिसंबर को सुबह अपने घर लौटे। घर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि उनकी 21 वर्षीय पत्नी घर पर नहीं है। पत्नी के साथ 1.5 लाख

**केस दर्ज**

**पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

रुपए नकद, गले का ओम, टिक्का, सोने की बालियां और अन्य गहने भी गायब थे।

पति ने पहले अपनी पत्नी का पता लगाने के लिए आस-पड़ोस और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी सुराग नहीं मिला।

# अवैध होर्डिंग-अवैध कटों को बंद करने के लिए दिया 15 दिनों का समय: नेहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबों से 15 दिनों के अंदर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अवैध होर्डिंग को हटवाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग व राज्य मार्गों से अवैध कटों को बंद करना सुनिश्चित करे। अगर इन आदेशों की किसी भी स्तर पर अवहेलना की गई तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में सडक सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने





संबंधित अधिकारियों को कहा कि जीटी रोड पर जहां-जहां पर ई लिगल कट है उन कटो को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। इस विषय में किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इसके साथ ही डीडीपीओ को आदेश दिए कि खानपुर कोलियां के पास सडक दुर्घटनाओं से बचाव के लिए वाहन चालाकों को जागरूक करने के लिए आवश्यक प्रबंध करे तथा एसडीएम शाहबाद को निर्देश दिए कि शाहबाद व लाडवा चौक पर रोजाना होने वाली सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रबंध करे और स्वयं सम्बन्धित अधिकारियों को साथ लेकर मौके का निरीक्षण भी करे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में टेबल टॉप ब्रेकर बनाए जाए, इसके लिए ब्रेकर लगाने की जगहों का चुनाव किया जाए और बकायदा अनुमानित लागत सहित एक प्रस्ताव भी तैयार किया जाए। इस प्रस्ताव को आला अधिकारियों के माध्यम से जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। इसके साथ ही स्कूलों के सामने भी स्पीड ब्रेकर लगाने के प्रबंध किए जाए। सभी अधिकारी इस विषय को गंभीरता से लेकर आगामी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने अधीनस्थ सडकों पर सफेद पट्टद्दी मार्क करवाना सुनिश्चित करे ताकि धूंध में वाहन चालकों को कोई परेशानी ना आए और सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

उन्होंने आईआरएडी पोर्टल के तहत सडक दुर्घटनाओं को होने वाले हादसों बारे, मार्डन रोड बनाने, अवैध कटों को बंद करने बारे, सडकों को दुरुस्त करने, स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वाहनों की चेकिंग करने, पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना किए जाने पर चालानिंग के साथ-साथ अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां पर भी सडके टूटी हुई है या सडकों के बीच गड्ढा है, उन्हें भी दुरुस्त किया जाए ताकि सडक दुर्घटनाओं में होने वाले हादसों में कमी लाई जा सके। आमजन भी यातायात नियमों की पालना करें, पुलिस का मकसद चालान काटना नहीं है।

# तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रही छात्रा व युवक को चपेट में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के जुआं-चिटाना सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रही छात्रा व एक लड़के को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल दोनों को जुआं सामुदायिक केंद्र पर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरा छात्रा की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम

**दुर्घटना**

**चिटाना मोड़ के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। उसके साथ एक लड़का भी था**

करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जुआं निवासी रामनिवास ने बताया कि उसकी लड़की अंजलि (22) मोहाना गांव स्थित कॉलेज में जीएनएम का कोर्स कर रही थी। वह गत 17 दिसंबर को डेढ़ बजे घर से अपनी बुआं के घर जाने के लिए निकली थी। दो बजे उसे सूचना मिली की उसका एक्सीडेंट हो गया है। उसे जुआं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया है। उसके बाद वह मौके पर पहुंची। उसकी बेटी ने बताया कि वह साधन न होने के कारण पैदल चिटाना गांव की तरफ चल पड़ी। चिटाना मोड़ के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। उसके साथ एक लड़का भी था। वह उसे नहीं जानती।

# कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा की केन्द्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा गरीबों, वंचितों, दलितों सहित देश के करोड़ों लोगों के अधिकारों को संरक्षित करने के लिए संविधान बनाने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर की संसद में अभद्र टिप्पणी कर पूरे को शर्मशार करने के खिलाफ विशाल प्रदर्शन किया और अमित शाह का पुतला भी फूंका। चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज यादव ने हैदरपुर चौक, शालीमार बाग में, चॉदनी चौक जिला के अध्यक्ष मिर्जा जावेद अली ने ओल्ड पुलिस चौकी, नबी करीम, बल्लीमारान में, उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र में करावल नगर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने दरोगा चौक मार्केट, मैन चौक, बाबरपुर जिला के अध्यक्ष ने मौजपुर रोड़, रेड लाईट में, पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में पटपड़गंज जिला अध्यक्ष ने त्रिलोकपुरी चौक 15 ब्लाक में, कृष्णा नगर जिला के अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू ने बाबूराम स्कूल शाहदरा में, नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में करोल बाग जिला के अध्यक्ष मदन खोरवाल ने सिद्धार्थ होटल चौक पूसा रोड़ पर, नई दिल्ली जिला के अध्यक्ष विरेन्द्र कसाना ने रमा मार्केट मुनीरका अग्रवाल स्वीट में, उतर पश्चिमी संसदीय क्षेत्र के रोहिणी जिला अध्यक्ष इंद्रजीत शौकीन ने मंगोल पुर खुर्द रोहिणी में, किराड़ी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने नांगलोई रेलवे रोड़ मदर डेयरी कैंप-2 मुंडका में पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में तिलक नगर जिला अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला ने सब्जी मंडी मादीपुर में, नजफगढ़ जिला अध्यक्ष सतबीर शर्मा ने पीपल चौक उत्तम नगर और दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र के महरौली जिला अध्यक्ष राजेश चौहान ने भूल भुलैया महरौली चौक और बदरपुर जिला के विष्णु अग्रवाल ने पीपल चौक खानपुर एमबी रोड़ पर गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किए। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए 'अमित शाह माफी मांगे, माफी मांगे', दलितों का ये अपमान, नहीं सहेंगे, नहीं सहेंगे, अमित शाह इस्तिफा दो, इस्तिफा दो, बीजेपी हाय-हाय नारे लगा रहे थे।









देवेन्द्र यादव ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के डा. अम्बेडकर के खिलाफ अपमानजनक बयान पर प्रधानमंत्री मोदी देश से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब भाजपा ने अम्बेडकर का सार्वजनिक अपमान किया है, बाबा साहेब की फोटो के साथ खिलवाड़ करना करना भाजपा की मनुवादी सोच का परिणाम है। कहीं अम्बेडकर की मूर्ति गिराई जाती है, कहीं उनकी मूर्ति तोड़ी जाती है, उसी सोच के चलते अमित शाह ने संसद में बाबा साहेब का अपमान करते है और इसी सोच के तहत भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है, लेकिन करोड़ों लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए संविधान को बदलने की ताकत किसी में नही है।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल की अगुवाई में हुई बैठक





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके वजीरपुर जेजे कॉलोनी में पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने लोगों के साथ बैठक की और लोगों को आम आदमी पार्टी की दमनकारी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चर्चा के दौरान लोगों ने पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल को बताया कि हमारे क्षेत्र में पानी गंदा आ रहा है, जगह-जगह सड़के टूटी हुई है, सीवर ओवर-फ्लो हो रहे है, जिसके चलते हमको परेशान होना पड़ता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मैंने आज वजीरपुर जेजे कॉलोनी में कई जगहों पर बैठक ली और वहां की समस्याओ पर चर्चा भी की गई है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने वरिष्ठ आप नेता सागर का कांग्रेस पार्टी में किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: पूर्व केंद्रीय मंत्री** अजय माकन, जो राज्यसभा सांसद और एआईसीसी के कोषाध्यक्ष हैं, ने आज आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सागर का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।

जिन्होंने कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त को अपना समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एआईसीसी दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, सुखविंदर सिंह दानी, दानिश अबरार और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान मौजूद थे। अभिषेक दत्त भी मौजूद थे। अजय माकन ने कहा कि श्री सागर और उनके समर्थक आगामी विधानसभा चुनावों में कस्तूरबा नगर में कांग्रेस को मजबूत करेंगे क्योंकि विधानसभा चुनावों में आप की निश्चित हार के कारण निराश आप नेता केजरीवाल के डूबते जहाज को छोड़ रहे हैं।



# सोच-समझ कर करें मतदान: संजय राघव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: समाजसेवी संजय** राघव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब वर्ग को परेशान न होना पड़े।

संजय राघव ने आगे बताया कि सभी इस बार सोच-समझकर मतदान करें, क्योंकि आपके द्वारा किये गये मतदान से ही आपका जनप्रतिनिधि चुना जायेगा और वह आपकी बातों को विधानसभा तक लेकर जायेगा। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी को विधायक ऐसा चुनना है जो हमारे ही बीच का हो और हमारी समस्याएं को समझता हो, नहीं तो हम लोगों को बाद में पछताना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झूठी घोषणाओं के चक्कर में न आते हुए सही व्यक्ति को चुनें।



# बुराड़ी चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विशाल प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर** के ऊपर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी के बाद से हमलावर हुआ विपक्ष देश भर में धरने प्रदर्शन कर जहां सत्ता पक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। वहीं सरकार में बैठी भाजपा के सांसद बौखलाहट में विपक्षी सांसदों के साथ धक्कामुक्की कर संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के ऊपर हत्या का प्रयास जैसे संगीन आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करवा चुके हैं।

इन दोनों ही मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी सभी जिलों में जोरदार प्रदर्शन और अमित शाह का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया गया। इसी कड़ी में करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के नेतृत्व में भी एक विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। बुराड़ी विधान सभा प्रत्याशी मंगेश त्यागी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर एकत्रित होकर हाथों में बाबा साहेब अम्बेडकर की तस्वीर लेकर बुराड़ी मेन चौक तक मार्च निकाला और पुतला दहन किया। धरने प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज और कांग्रेस के बुराड़ी विधानसभा उम्मीदवार मंगेश त्यागी ने कहा कि जिस तरह से देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब पर अभद्र टिप्पणी की वह अपने आप में ही एक निंदनीय विषय है। लेकिन सत्ता के मद में चूर भाजपा और उसके सूत्रधारों को यह हक बिल्कुल नहीं कि वह देश के 140 करोड़ लोगों के आदर्श बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान करें। संविधान के रचयिता बाबा साहेब जी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। लेकिन भाजपा हमेशा से दलितों वंचितों का अपमान करती रही है। भाजपा की प्राथमिकता पैसे वाले सेठ लोग रहते आए हैं। अगर ऐसा न होता तो संविधान की कसम खाकर देश के सबसे बड़े संवैधानिक पदों में एक पर बैठे अमित शाह यूं सबसे बड़ी पंचायत में खड़े होकर संविधान के रचयिता का ही अपमान नहीं करते। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और वयोवृद्ध नेता मल्लिकार्जुन खड़गे जी, राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी और दूसरे लोग इस मामले का विरोध कर संसद भवन की तरफ जाते हैं तो भाजपा के सांसद न सिर्फ हमारे नेताओं का रास्ता रोकते हैं, उनका अपमान करते हैं और धक्कामुखी कर गुंडई दिखाकर मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहते हैं। जबकि कांग्रेस हमेशा से दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी रही है। क्योंकि अगर ऐसा न होता तो कांग्रेस विपरीत विचारधारा के बावजूद बाबा साहब को संविधान सभा में लाने का काम नहीं करती।



# गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति ने 'अहिंसा का मार्ग' विषय पर आयोजित की विद्यार्थियों की 'कविता पाठ प्रतियोगिता'





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: गांधी स्मृति** एवं दर्शन समिति द्वारा 'गांधी दर्शन के सत्याग्रह मंडपम में "अहिंसा का मार्ग" विषय पर एक कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के 50 स्कूलों ने भाग लिया। कविता प्रतियोगिता के निर्णायकों में शामिल थे मशहूर संगीतकार व कवि दीपक कैस्टेलिनों, वरिष्ठ कवि विनोद पाराशर, हिन्दी अकादमी दिल्ली की कार्यकारिणी सदस्य व युवा कवयित्री सरला मिश्रा और युवा कवि व गायक हिमांशु कुमार। कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव (अकादमी) उमा नंदुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उनका स्वागत समिति के निदेशक डॉ. ज्वाला प्रसाद और प्रशासनिक अधिकारी संजीत कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में एवरग्रीन पब्लिक स्कूल, वसुंधरा एनक्लेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नागरिको की मोतियाबिंद की हुई नि:शुल्क शल्य चिकित्सा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: उत्तर पूर्वी दिल्ली** के गोकल पुर विधान सभा स्थित गंगा विहार के प्रतिष्ठा युवा संगठन और महावीर इंटरनेशनल दिल्ली द्वारा 18 वरिष्ठ नागरिको की मोतियाबिंद का नि:शुल्क शल्य चिकित्सा करवाई गई, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें 10 महिला और 8 पुरुष उपस्थित रहे। मोहित कुमार भारतीय ने बताया कि नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच में 18 वरिष्ठ नागरिको की मोतियाबिंद की पुष्टि हुई थी जिनका आज नि:शुल्क शल्य चिकित्सा करवाई गई जो सफल रही।

महावीर इंटरनेशनल दिल्ली की गाड़ी सभी को लेकर गई और शल्य चिकित्सा करवा कर वापिस छोड़कर कर गई। संगठन का उद्देश्य ही अस्पताल आपके द्वार अभियान के अंतर्गत लोगों को उनके घर के आस-पास ही सुविधा उपलब्ध करवाना हैं, जिसके माध्यम से जो व्यक्ति अस्पताल नहीं जा पाते हैं या किसी कारणवश किसी बीमारी से ग्रस्त हैं उनके आस-पास ही इलाज मिल सके, यह कार्यक्रम करने का उद्देश्य रहा। सभी वरिष्ठ नागरिको ने मोहित कुमार भारतीय, प्रतिष्ठा युवा संगठन और महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के महेश कुमार इंचार्ज, कपिल कुमार का आभार व्यक्त करते हुए अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि हम काफी समय से मोतियाबिंद से दुखी थे पर आपके द्वारा लगाए स्वास्थ्य कैंप की वजह से हम सभी अपना मोतियाबिंद की नि:शुल्क शल्य चिकित्सा करवा सकें।



# कुलदीप सिंह सेंगर की अंतरिम जमानत 15 जनवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली। दिल्ली हाई** कोर्ट ने उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की हिरासत में मौत के मामले में दोषी करार दिए गए बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की अंतरिम जमानत 15 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुनवाई के रेप पीड़ित की ओर से पेश वकील ने सेंगर की अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग का विरोध करते हुए कहा कि अगर उनकी अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाई जाती है तो उन्हें सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जाए। सुनवाई के दौरान रेप पीड़ित की मां भी कोर्ट में उपस्थित थी और अंतरिम जमानत बढ़ाने का विरोध किया। सुनवाई के दौरान दोनों तरफ के वकीलों के बीच इतनी तीखी बहस होने लगी कि कोर्ट ने कहा कि आप दोनों चैंबर में आइए, हम दोनों को समझा नहीं सकते हैं। कोर्ट ने एम्स के उस रिपोर्ट पर गौर किया जिसमें कहा गया था कि सेंगर से मिलने आनेवाले लोगों की संख्या इतनी ज्यादा है कि अस्पताल के नियमित संचालन बाधित हुई और इससे मरीजों की देखभाल और गुणवत्ता से समझौता करना पड़ा। इस पर सेंगर के वकील ने कहा कि ऐसी स्थिति आगे नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि सेंगर की तबीयत खराब होने की वजह से लोगों के मिलने का तांता लगा।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ज्ञानी हरप्रीत सिंह के साथ खड़ी होगी: हरमीत सिंह कालका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलो ने कहा है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, जो इस समय बादल परिवार की सेवा में भूमिका निभा रहे हैं, उनका यह कार्य इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और अन्य पंथिक जत्थेबंदियाँ ज्ञानी हरप्रीत सिंह के समर्थन में खड़ी हैं और हमेशा खड़ी रहेंगी। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह को बदनाम करने के लिए जोरदार प्रयास किए जा रहे हैं, क्योंकि वे 2 दिसंबर की सिंह साहिबान की बैठक में शामिल थे, जिसमें सरदार सुखबीर सिंह बादल को तंखा लगाई गई थी और शिरोमणि अकाली दल को निर्देश दिए गए थे कि 3 दिन के अंदर सरदार बादल और अन्य सदस्यों के इस्तीफे मंजूर किए जाएं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अकाली दल को 20 दिन का समय क्यों और कैसे दिया गया। इसके साथ ही यह भी कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह और सिंह वलटोहा की बातचीत का केवल एक हिस्सा सार्वजनिक किया गया है, जो बहुत ही विवादित परिस्थितियों में हुआ था। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल पर एक परिवार का कब्जा है और इसे मजबूत करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि शिरोमणि कमेटी को जत्थेदार की नियुक्ति से पहले पूरी छानबीन करनी चाहिए।



# सभी को करना चाहिए पौधारोपण: राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शालीमार बाग के युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इससे हमें फल, फूल, छाया और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी पौधारोपण जरूर करें। उन्होंने आगे बताया कि अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पेड़-पौधे लगाये और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।



# इस्कॉन, टाटा ग्रुप ब्रज के कुंडों के जल को बनाएंगे 'आचमन'

## जनपद में 2050 जल निकाय में से 288 कुंड, सर्वे में 213 मौके पर मिले, पानी खराब

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साक्षी कहे जाने वाले ब्रज के प्राचीन कुंडों का जल अब आचमन योग्य होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर ब्रज के प्राचीन कुंडों के जल की गुणवता को सुधारने के लिए इस्कॉन और टाटा ग्रुप काम करने जा रहे हैं। टाटा ग्रुप ने मानसी गंगा, राधाकुंड, कृष्ण कुंड, अष्ठसखी कुंड, शांतनु कुंड, कृष्ण कुंड, गरुण गोविंद कुंड, नरी सेमरी कुंड को गोद लिया है। जबकि इसकॉन ने प्रिया कुंड, पावन सरोवर, वृषभानु कुंड, विव्हक कुंड, जल विहार कुंड, कृष्ण कुंड, कृष्ण कुंड को गोद लिया है। वहीं एमवीडीए ललिता कुंड, वृंदा कुंड, नारद कुंड,



सोभरि कुंड, आट्स से सुनरख तक ड्रेन पर काम कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के स्पेस डाटा के अनुसार मथुरा जनपद में 2052 जल निकाय मौजूद हैं। इनमें से 288 कुंडों के रूप में सामने आए हैं। इस स्पेस डाटा पर किए गए फील्ड सर्वे में 213 कुंड मौके पर मौजूद मिले हैं। इसमें अधिकांश देखरेख के अभाव में जीर्णशीर्ण अवस्था में थे। इन कुंडों के जल की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। इनका धार्मिक और इतिहासिक महत्व होने के कारण यहाँ श्रद्धालु भी पहुंचते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा इनमें से दो दर्जन प्राचीन कुंडों का पुनरोद्धार कराया गया है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसके साथ ही अब उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने ब्रज के इन प्राचीन कुंडों का सौंदर्यीकरण करने के साथ ही उनके जल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए निजी संस्थाओं की मदद लेना शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया में इस्कान के साथ टाटा ग्रुप की मदद ली जा रही है। इस्कॉन की संस्था श्रीचौतन्य हेल्थ एंड केयर ट्रस्ट द्वारा सात कुंड और टाटा ग्रुप द्वारा आठ कुंडों का जल शोधन किया जाएगा। इसके लिए डीपीआर तैयार कर ली गई हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि ब्रज में अधिकांश कुंड प्राचीन हैं, जो इतिहासिक और धार्मिक महत्व से जुड़े हैं। इनके सौंदर्यीकरण के साथ जल की गुणवत्ता सुधारने का काम किया जा रहा है। टाटा और इस्कॉन ग्रुप से 15 कुंडों के लिए अनुबंध हुआ है। कोशिश की जाएगी कि कुंडों का जल आचमन योग्य बनाया जा सके। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण भी पांच कुंडों के जल शोधन पर काम कर रहा है।

# ब्रज के तीर्थ पुरोहितों की छवि धूमिल कर रहे पलके

## तीर्थ पुरोहित महासभा ने ब्रज की छवि बचाने की उठाई आवाज

**मथुरा।**

**श्रद्धालुओं को** ब्रज की छवि अपने हितों के हिसाब से दिखाने के लिए जाने जाने वाले लपके ब्रज की छवि बिगाड़ रहे हैं। तीर्थ पुरोहितों की छवि धूमिल करने वाले लपकों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह को एक ज्ञापन दिया। तीर्थ पुरोहित महासभा बृज प्रांत के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि महासभा पूर्व में कई बार इस संबंध में शिकायत दर्ज करा चुका है। लेकिन किसी भी अधिकारी ने कार्रवाई नहीं की। तीर्थ पुरोहितों कहा कि यदि ऐसे



लोगों के विरूद्ध कार्रवाई हुई होती तो गोकुल की घटना घटित नहीं होती। इन्होंने डीएम से मांग की कि गोकुल की घटना को पुलिस ने रफा दफा कर दिया दोषियों से सिर्फ पैसा लौटवाया है। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए ताकि कोई आगे ऐसा ब्रज में आने वाले यात्रियों के साथ नहीं कर सके। उन्होनें कहा कि गोवर्धन, वृंदावन, मथुरा, बरसाना में भी पलके सक्रिय हो गए हैं। जिससे ब्रज की छवि धूमिल हो रही है। तीर्थ पुरोहितों से ज्ञापन लेने के बाद जिलाधिकारी ने अश्वासन दिया कि लपकों के विरुद्ध कार्रवाई अवश्य की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में ब्रज प्रांत अध्यक्ष आचार्य लालजी भाई शास्त्री, ब्रज प्रांत महामंत्री अमित भारद्वाज, ब्रज मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल उपाध्याय, ब्रज प्रांत महामंत्री यज्ञदत्त शास्त्री, अजय चतुवेर्दी, ब्राह्मण महासभा की यमुना देवी शर्मा, मधु शर्मा, ब्रज मंडल मंत्री गोपाल चतुवेर्दी आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बंद बॉडी के कंटेनर से 63 किलो गांजा किया बरामद

**मथुरा। थाना** कोसीकलां पुलिस टीम ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करों से 63 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दो लोगों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। गांजे की तस्करी एक बन्द बाडी कन्टेनर ट्रक से की जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह ने बताया कि रात में थाना कोसीकलां पुलिस चौकी क्षेत्र जिन्दल चौराहा में कोसी नन्दगांव रोड पर गस्त व चैकिंग कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना पर सुरवारी बम्बे की पुलिया पर कोसी नन्दगांव रोड पर कोसी से नन्दगांव बरसाना की ओर चैकिंग के दौरान दो नफर अन्तराजीय गांजा तस्कर अभियुक्त सुंदर पुत्र सामल मूल निवासी बाजोता थाना टप्पल जिला अलीगढ हाल निवासी इतवारपुर थाना टप्पल जिला अलीगढ व प्रभात पुत्र वीरपाल निवासी गांव धंशया थाना जेबर जिला गौतमबुद्धनगर को एक बन्द बाड़ी कन्टेनर ट्रक रजिस्ट्रेशन संख्या एचआर 38 यू 5445 में 63.300 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ शनिदेव मंदिर के रास्ते पर हनुमान मंदिर के पास लगे बैरियर से करीब 100 कदम पहले थाना कोसीकलां मथुरा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुंदर के विरूद्ध यूपी और हरियाणा में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं प्रभात के खिलाफ भी करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपितों के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।

### भाकियू अराजनैतिक ने वापस ली तहसील घेराव की घोषणा

**मथुरा: भाकियू** अराजनैतिक ने तहसील घेराव की घोषणा को वापस ले लिया है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि अधिकारियों से उनकी बात हो गई है, इसके बाद 24 दिसम्बर के तय कार्यक्रम को वापस ले लिया गया है। अधिकारियों के साथ शुक्रवार को हुई वार्ता के बाद यूनियन ने घेराव की घोषणा को वापस ले लिया। यह निर्णय संगठन ने प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने का आशवासन मिलने के बाद लिया है। इन दोनों खेतों में आलू, सरसों, जो की फसल खड़ी हुई है। इधर तापमान में गिरावट आ गई है इससे आलू और सरसों की फसल में नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। आलू की फसल को सिंचाई कर ही इस मौसम की मार से बचाया जा सकता है। बजली की निर्धारित समय पर 10 घंटे आपूर्ति नहीं मिल पाने के कारण ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया की विद्युत सब स्टेशन मढ़ौरा, पचावर लक्ष्मी नगर और बलदेव से किसानों को 24 घंटे में सिर्फ दो ढाई घंटे बिजली की आपूर्ति मिल रही है। किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। नहरों में पानी की कमी है। किसानों के आवश्यक दस्तावेज भी अधिकारी समय पर बना कर नहीं दे रहे हैं। वार्ता में अधिकारियों ने कहा के शनिवार से किसानों को पूरे 10 घंटे बिजली की आपूर्ति होगी। नहरों से भी पर्याप्त मात्रा में सिंचाई को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जो भी कार्य तहसील स्तर पर लंबित है, उनको अगले एक सप्ताह के अंदर निस्तारित कर दिया जाएगा। यूनियन के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि किसानों के संतुष्ट होने पर तहसील घेराव के आह्वान को वापस लिया गया है। एक सप्ताह का समय प्रशासन को दिया गया है। इस समय अवधि में लंबित समस्याओं का निस्तारण नहीं किया तो आंदोलन के विकल्प यूनियन के सामने खुले हुए हैं। बैठक में धर्मवीर सिंह तहसील अध्यक्ष महावन मुकेश सिंह रावत अवधेश सिंह रावत उदयवीर सरपंच जी छोटू चौधरी लाल सिंह तोमर सोबरन सिंह पॉप सिंह भूरा गोविंद ईंतदहंत योगेश तोमर विजय सिकरवार आदि मौजूद रहे।

### बीएचयू के सिंहद्वार पर गृहमंत्री अमित शाह की तस्वीर जलाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी: लंका** स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सिंहद्वार पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की तस्वीर जलाने के आरोपित तीन छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों छात्र एनएसयूआई से जुड़े बताए गए। छात्रों की गिरफ्तारी की जानकारी पर छात्र संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लंका थाने पर पहुंच गए। इस संबंध में लंका पुलिस का कहना है कि चौकी प्रभारी बीएचयू उप निरीक्षक पवन कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ गुरुवार शाम बीएचयू गेट पर यातायात व्यवस्था व साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी लोगों को दे रहे थे। इसी दौरान 20–25 लोग गृहमंत्री का पोस्टर बैनर लेकर बीएचयू सिंहद्वार पर पहुंचे। यह गेट अति व्यस्ततम जगह पर है । जहां से सर सुंदरलाल अस्पताल में मरीजों का आना-जाना होता है। इसी रास्ते एंबुलेंस का आगमन होता है । यहीं से विभिन्न स्थानों पर लोगों का आवागमन होता है। यहीं, कुछ लोग आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर धार्मिक उन्माद भड़का रहे थे। तथा आने –जाने वालों का रास्ता रोककर भाषण दे रहे थे। इन्हें पहले काफी समझाया-बुझाया गया । परंतु यह लोग नहीं माने तो थाना लंका में उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**हाथरस: जिले** के थाना सहपाऊ क्षेत्र स्थित गांव धाधऊ में शुक्रवार को एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी है। गांव धाधऊ में रहने वाले संजीव की शादी 2008 में फिरोजाबाद की मोनिका से हुई थी। परिजनों का कहना है कि संजीव शराब पीने का आदी था, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। गुरुवार को संजीव शराब पीकर घर आया तो दोनों में झगड़ा हो गया। इसके बाद दोनों खाना खाकर अलग-अलग सोने चले गए। शुक्रवार सुबह जब संजीव उठा तो उसने देखा।

# भाकियू चढ़ूनी बिजली निजीकरण का पुरजोर विरोध करेगी: रतन सिंह

## जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नेतृत्व में जुटे किसान

**मथुरा: राष्ट्रीय नेतृत्व** के आह्वान पर भाकियू चढ़ूनी के कार्यकताओं ने मथुरा में जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान ने कहा कि किसान कर्ज में डूबा है दूसरी ओर सरकार किसानों उसकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाने की ओर गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा किसान बिजली के निजीकरण का जोरदार विरोध करेंगे और खनौरी बार्डर पर बैठे किसानों के साथ मजबूती से खड़े हैं।



किसान सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में जिला मुख्यालय पर इकठ्ठे हुए और नारेबाजी करते हुए सरकार से खासे नाराज दिखे। जिला अध्यक्ष संजय पराशर ने कहा प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपए का रेट दे। गन्ना किसानों को लागत मूल्य भी नहीं दे रही। पड़ोसी राज्य हरियाणा में किसानों को उत्तर प्रदेश से ज्यादा रेट मिल रहा है। कृषि उपकरणों को जीएसटी मुक्त किया जाए। किसानों के सारे कर्ज माफ किए जाएं। आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाई जाए। तहसीलों पर किसानों का उत्पीड़न शोषण किया जा रहा है, उससे मुक्ति दिलाई जाए। बिजली कटौती बंद हो। बिजली विभाग किसानों का शोषण कर रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर सतीश चन्द्र, बिल्ला सिंह सिकरवार, कुंतभोज रावत, राधेश्याम सिकरवार, हरिपाल सिंह परिहार, उदय वीर सिंह, चौधरी हीरा सिंह, अनिल कुमार, वेदप्रकाश , सोहन सिंह, सोनवीर, दिनेश तोमर, सोलू पहलवान, मानसिंह, प्रकाश तोमर, जयपाल सिंह चौधरी, श्यामपाल सिंह, रामकुमार, विजयपाल चौधरी, लोचन सिंह, सोरन सिंह, मनोज शास्त्री, चमन भारती आदि

# कारोबारियों को सभी विभाग देंगे नियमों की जानकारी

## जिलाधिकारी ने जिला व्यापार बंधु की बैठक में दिये निर्देश

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र** कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु, निवेश मित्र पोर्टल, जिला प्रोत्साहन समिति, जिला यूजर्स समिति तथा जिला श्रम बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए बने निवेश मित्र पोर्टल, सिंगल विंडो पोर्टल, फूड सेफ्टी नॉर्म्स, फायर ऑडिट, विद्युत आपूर्ति, सड़कों के अनुरक्षण, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइटिंग आदि के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उद्योग क्षेत्र में विद्युत की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा आवश्यकता अनुसार फीडर की व्यवस्था की जाए। जहां पर भी विद्युत की परेशानी हो या शटडाउन अधिक हो रहा हो वहां एसडीओ स्वयं जाकर जायजा लें। उद्यमियों व व्यापारियों को समय से नए प्लांट, फैक्ट्री व उद्योग के लिए विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने उद्योग क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरओ पीसीबी लगातार उद्योगों में जांच कर प्रदूषण मानकों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा सुनिश्चित करें कि सभी उद्योग मानकों के अनुसार संचालित रहें और सभी का पालन करें। चीफ फायर ऑफिसर को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय, संयुक्त चिकित्सालय तथा महिला चिकित्सालय का फायर ऑडिट कराएं। आरओ पीसीबी समस्त एसटीपी प्लांटो का नियमित निरीक्षण करें।

### जामा मस्जिद के पास संदिग्ध युवक पकड़ा गया

**संभल**

**जनपद** में शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन की निगरानी में जुमे की नमाज सम्पन्न हुई हैं। इस दौरान पुलिस ने जामा मस्जिद के पास से एक युवक को पकड़ा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शुक्रवार को नमाज के दौरान जामा मस्जिद के पास दूसरे समुदाय के युवक को पुलिस ने पकड़ा है। युवक पटका पहने और माथे पर तिलक लगाए हुए था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवक जामा मस्जिद की सीढ़ियों के बाहर पहुंच गया था, तभी लोगों ने उसे रोक लिया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस ने उसे पकड़ा और सीधे कोतवाली ले गई। युवक का कहना है कि वह यहां पर दर्शन

# निगम का निजीकरण रोक कर्मियों के नियमितीकरण

## रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले 16 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**मथुरा।** सरकार द्वारा निगम की बहुमूल्य संपत्तियों एवं इसके कारोबार को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा मथुरा डिपो के वर्कशाप में प्रदर्शन किया। परिषद के नेताओं ने 16 सूत्रीय मांग पत्र तहसील सदर के तहसीलदार और एआरएम को ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर जिला प्रशासन, रोडवेज प्रबंधन ने कार्यवाही नहीं की तो कर्मचारी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। 16 सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज परिषद् संचालन शाखा के शाखा अध्यक्ष केके शर्मा के नेतृत्व में ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन किया। शाखा मंत्री नेपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीकृत मार्गों पर अवैध संचालन, डग्गामारी पर प्रभावी रोक लगायी जाय तथा निगम के बस अड्डों के एक किमी परिधि से निजी बसों व चार पहिया गाड़ियों के अवैध संचालन को प्रतिबन्धित कर शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। इलेक्ट्रिक बसे निगम के बस बेड़े में शामिल करने पर नगर बस सेवाओं की भांति उनके संचालन में होने वाले व्यय व आमदनी के व्यवहार्यता अंतर को राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाये। निगम की बसों और निजी बसों के लिए निर्धारित वर्तमान यात्रीकर की दरों में विद्यमान असमानता समाप्त की जाय आदि प्रमुख मांगों पर जोर दिया। शाखा अध्यक्ष केके शर्मा ने कहा कि



शासनादेश का अनुपालन कर 31 दिसम्बर 2001 तक नियुक्त संविदा चालकों, परिचालकों व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की जाये। इसमें कर्मशाला शाखा के अध्यक्ष बदन सिंह, शाखा मंत्री पीयुष वर्मा, आगरा क्षेत्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार लवानियां, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सतीश गौतम एवं जिला मंत्री एसपी गौतम आदि ने विचार व्यक्त किए। धरने में शशी शर्मा, कमलेश कुमारी, विजयपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, नारायण सिंह, राकेश गोयल, राकेश बाबू, लक्ष्मीकान्त गुप्ता, राजकुमार, नरेन्द्र शर्मा, तेजवीर सिंह, राजीव चौधरी, प्रेमपाल सिंह, गुलाब सिंह, सूरजपाल सिंह, प्रियाशरण, डिगम्बर सिंह, होशियार सिंह, महेश, महेन्द्र सिंह, राधेश्याम त्यागी, भूपेन्द्र, धर्मवीर, नासिर, महेन्द्र सिंह, विनोद, कपिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दोना, ग्लास बनाने की फैक्ट्री पर ठोका 85 हजार का जुर्माना

## प्रतिबंधित प्लास्टिक से तैयार किये जा रहे थे दौना और ग्लास

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। नगर** निगम की टीम ने शुक्रवार को इंडस्ट्रीज एरिया में कार्यवाही करते हुए 85 हजार का जुमार्ना लगाया। इंडस्ट्रीज एरिया में इस फैक्ट्री के अंदर प्रतिबंधित प्लास्टिक से दौना और ग्लास तैयार किये जा रहे थे। भारी मात्रा में प्लास्टिक भी बरामद की गई है। सहायक नगर आयुक्त के द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री से भारी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करते हुए जुमार्ने की कार्यवाही की गई। शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं



विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। महापौर एवं नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री से भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक (गिलास एवं दौना) से भरे हुए कार्टन जब्त किए गए एवं फैक्ट्री संचालक पर 85000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही फैक्ट्री संचालक को प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उत्पादन एवं भंडारण न करने हेतु चेतावनी दी गई। इस कार्यवाही के दौरान के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन से प्रवर्तन दल, मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा, राजेश सूबेदार, दीपक शर्मा, तुलसी आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# प्रत्येक व्यक्ति को संतुलित आहार मिलना अत्यंत आवश्यक: डा.जीना

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। पशु** चिकित्सा विश्वविद्यालय के जीव रसायन विज्ञान विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुक्रवार से प्रारम्भ हुई। उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के जीव रसायन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि जीव रसायन एवं जैव प्रौद्योगिकी का खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में अहम




योगदान है। समाज एवं देश में खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने में जीव रसायन एवं जैव प्रौद्योगिकी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पशुओं के विभिन्न उत्पाद जैसे दूध, दही, घी, अंडा, मांस आदि के प्रयोग से शरीर में होने वाली विभिन्न पोषक तत्वों की कमी को पूर्ण कर, हम स्वस्थ मानव शक्ति तथा स्वस्थ समाज के स्थापना कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ जेके जीना ने बताया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को संतुलित आहार मिलना अत्यंत आवश्यक है। जिससे वह व्यक्ति अपने कर्तव्यों का भली बात निर्वहन कर सके। हमारा देश, विश्व में दुग्ध उत्पादन में प्रथम स्थान पर है किंतु जनसंख्या के अनुसार प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता काफी कम है। जिसके लिए अच्छी उत्पादकता वाले पशुओं का होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने बताया की होम्योपैथिक दवाइयां अब पशुओं के इलाज में प्रयोग की जा रही है तथा इसका अच्छा परिणाम भी मिल रहा है। होम्योपैथिक दवाइयां का पशुओं में और अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय जीव रसायन संगठन के अध्यक्ष डॉ. बी. पी. मोहती ने संगठन की संरचना एवं उसके कार्य शैली के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संगठन के महासचिव डॉक्टर सुभाषिस बतबयाल ने संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठी एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर विकास पाठक, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय ने बताया कि खाद्यान्नों में पशुधन से प्राप्त होने वाले उत्पादों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि दो से खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र फरह चढ़ा भ्रष्टाचार की भेट

## महिलाओ से नार्मल डिलेवरी करने पर सीएचसी मे लिए जा रह ढाई से पांच हजार रुपए

**लोकेश चौधरी**

**फरह (मथुरा)** । सरकारी सस्थान दफ़्तर विभाग हर जगह भ्रष्टाचार सर चढ़ बोल रहा है ऐसा ही भ्रष्टाचार का मामला सामुदायिक स्वस्थ केंद्र फरह मे सामने आया है जहा महिलाओ की नार्मल डिलेवरी करने की बात बता कर आशा बहनो की साठगाँठ मिली भगत से नार्मल डिलेवरी का झांसा देकर डिलेवरी को आयी महिलाओ के पति परिजनों से प्रसव के दौरान ढाई हजार से लेकर पांच हजार रुपए तक सरकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मे प्रसव डिलेवरी कराने वाली महिला डॉक्टर नर्स ले रही है ये खेल लम्बे समय से सीएचसी फरह मे चल रहा जब ग्राम खेरिया रिफाइनरी का युवक राजकुमार शर्मा अपनी पत्नी को प्रसव डिलेवरी के लिए सीएचसी फरह गाँव की आशा बहन रेखा के साथ ले गया तो उसकी पत्नी की नार्मल डिलेवरी करने के लिए सोनम यादव नर्स ने उससे ढाई हजार रुपए मागे जब उसने आशा और नर्स से पैसे की बात पूछी तो उन्हें वताया की नार्मल डिलेवरी करके देंगे अगर पैसे नहीं दोगे तो हमारी कोइ जिम्मेदारी नहीं होंगी युवक ने पूरा मामला सीएचसी अधीक्षक डॉ रामगोपाल सीह को बताया रामगोपाल ने कहाँ की नर्स को मे उछला तो वहां एक आशा बहन से रुका नहीं गया।




# सनातन धर्म सुरक्षित है तो सभी सुरक्षित है: योगी

## -श्री अयोध्या धाम में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ, पंच नारायण महायज्ञ में शामिल हुए सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या: मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम



सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे।

### '.... तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा'

सीएम योगी ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। यह धर्म सभी के कल्याण की बात करता है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम् का संदर्भ देते हुए कहा कि यह केवल सनातन धर्म है, जिसने हर जाति और मजहब के लोगों को विपत्ति के समय शरण दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तब तक भारत है जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस धर्म के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युगों-युगों से सनातन धर्म ने सृष्टि के साथ तालमेल बनाकर खुद को जीवंत बनाए रखा है। भविष्य में इसे किसी भी प्रकार की विकृतियों या विसंगतियों से बचाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। भारत तब तक भारत है जब तक भारत के अंदर सनातन धर्म सुरक्षित है। इसकी रक्षा के लिए इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर के कार्य करना होगा। यह एक शाश्वत धर्म है, सृष्टि के साथ चला हुआ धर्म है हो सकता है।

# सीएम योगी ने श्री रामलला व हनुमानगढ़ी का किया दर्शन-पूजन

**धर्म संसद**

**▸▸ सीएम योगी आदित्यनाथ ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरणों में झुकाया शीश**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-



पूजन किया और प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद सीएम योगी ने श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई, आरती की और मंदिर परिसर की परिक्रमा कर राम मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरूआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी मंदिर से की। उन्होंने यहां विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की।




ट्रांसपोर्ट भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा।

# मराठी अस्मिता का गर्व, किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

मुंबई: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को नागपुर में कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। यहां किसी भी तरह का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लेकिन मराठी होने की वजह हमें प्रादेशिक अस्मिता का गर्व है, इसलिए मराठी समाज पर किसी भी तरह हमला भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को नागपुर में विधानपरिषद में कल्याण में मराठी समाज के एक व्यक्ति पर हुए हमले के मुद्दे का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस मामले को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। कल्याण की एक सोसाइटी में झगड़े में अखिलेश शुक्ला और उनकी पत्नी ने एक मराठी व्यक्ति पर हमला किया है। इस मामले में खडकपाड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

शुक्ला 'एमटीडीसी' के कर्मचारी हैं और उन्हें निलंबित करने की कार्यवाही चल रही है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र, मुंबई मराठी लोगों की पहचान है। चूंकि मुंबई आर्थिक राजधानी है, इसलिए देशभर से विभिन्न समाज और समुदाय यहां आते हैं।

**संकटग्रस्त**

**बलिया: हरियाणा के** पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर बलिया में भी शोक है। ओमप्रकाश चौटाला का बलिया से भी कनेक्शन था। पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के करीबी रहे चौटाला टीडी कॉलेज छात्रसंघ के उद्घाटन में बलिया आ चुके हैं। हरियाणा की राजनीति के दिग्गज ओमप्रकाश चौटाला के बलिया जिले पैदा हुए और देश की राजनीति में युवा तुर्क के रूप में विख्यात चंद्रशेखर से गहरे संबंध थे। समाजवादी नेता चंद्रशेखर के साथ उन्होंने काफी समय तक राजनीति की।

# शहरों की तर्ज पर बने डुप्लेक्स जैसे आवासों में रहेंगे अब सहरिया जनजाति के लोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 15 जनवरी 2024 को शिवपुरी जिले के हातोद ग्राम पंचायत में 2 सहरिया जनजाति की महिलाओं से संवाद किया था, जिसमें पोहरी ब्लॉक की बूड़दा पंचायत की ललिता ने प्रधानमंत्री मोदी से हातोद जैसी आवासीय कॉलोनी खुद की बूड़दा पंचायत में भी बनवाने की गुजारिश की थी। बूड़दा पंचायत के सहरिया जनजाति के लिए ये एक सपना जैसा था जो अब साकार हुआ है। शिवपुरी जिले की चौथी कॉलोनी एवं पोहरी ब्लॉक की पहली जनमन आवासीय कॉलोनी बनकर तैयार हो गई है। जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका शर्मा ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि कॉलोनी में 32 सहरिया हितग्राहियो के आवास बनाए गए हैं। इन आवासों की खास बात ये है कि ये आवास शहरों की तर्ज पर डुप्लेक्स जैसे बनाये गए है। इन आवासों में अब विशेष पिछड़ी जनजाति के सहरिया हितग्राही निवास करेंगे। इसके अतिरिक्त इन आवास में घर-घर नल एवं विद्युत कनेक्शन की सुविधा दी गयी है।

**सुविधा**

**▸▸ इन आवासों की खास बात ये है कि ये आवास शहरों की तर्ज पर डुप्लेक्स जैसे बनाये गए है**




### शक्ति सदन के तहत विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को दी जाएगी रहने की सुविधा

# प्रदेश के 10 जिलों में बेटियों रहने की मुफ्त सुविधा देगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इडिया**

**लखनऊ:** योगी सरकार संकटग्रस्त घरेलू हिंसा से पड़ित और आपदा वाली महिलओं के पुर्नवासन और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए प्रदेश भर में शक्ति सदन का संचालन शुरू कर रही है। इसके लिए प्रदेश के 10 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें विभिन्न विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत पीड़ित बेटियों और महिलाओं को उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पुनर्वासन और उन्हें



समाज की मुख्य धारा से जोड़ने जाने का भी काम होगा।

भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत सरकार इस योगी सरकार शक्ति सदन का संचालन करेगी। पाइलट प्रोजक्ट के तहत प्रदेश के 10 जिलों में शक्ति सदन के संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है और इसे शुरू करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। शक्ति सदन में 50 महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी। इसके लिए आवासीय भवन का चयन किया जा रहा है। इन जिलों में शुरू होगा शक्ति सदन महिला कल्याण विभाग प्रदेश के 10 जिलों वाराणसी, अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोण्डा, बस्ती, मिजार्पुर और सहारनपुर में शक्ति सदन के संचालन योगी सरकार करेगी।

